शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 27 | अंक : 281 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 29 सितंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

**शारदीय नवरात्र**

**सप्तम कालरात्रि**



आज मां भगवती के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना होगी। देवी का यह स्वरूप अनंत एवं व्यापक है। कालरात्रि अर्थात काल को जीतने वाली। जन्म, पालन और काल। देवी के तीन स्वरूप। सृष्टि संयोजन और संचालन इन्हीं काली जी की कृपा का फल है। एक बार शिवजी ने देवी को काली कह दिया। इस कारण उनका नाम काली पड़ गया। माता काली की पूजा से सब कुछ सिद्ध होता है। इस रात्रि अखंड ज्योति जलाकर काले तिलों से पूजन करने एवं जप-तप करने से मां काली प्रसन्न होती हैं। रात्रि में यज्ञ करने से साधक के मनोरथ पूर्ण होते हैं। इनकी उपासना का सिद्ध मंत्र है।


# खेल के मैदान में 'ऑपरेशन सिदूंर'

## एशिया कप जीतने पर प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई, देश में जश्न

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मैदान में धूल चटाकर



एशिया कप अपने नाम किया। भारत की जीत पर देशभर में जश्न का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व देश के अन्य नेताओं ने भी भारतीय टीम को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम इंडिया को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा है कि खेल के मैंदान में ऑपरेशन सिंदूर, नतीजा वही। भारत जीत गया। क्रिकेट खिलाड़ियों को बधाई।



इसके अलावा यूपी पुलिस ने भी पाक को धूल चटाने पर टीम इंडिया की सराहना की। एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि, %दशहरे की जीत से लेकर दिवाली की चमक तक, आतिशबाजी जल्दी शुरू हो जाती है, टीम इंडिया एशिया कप जीतती है, दिलों और स्कोरबोर्ड को समान रूप से रोशन करती है।

भारत ने रविवार को खेले गए एशिया कप के फाइनल मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर रिकॉर्ड 9वीं बार एशिया कप अपने नाम किया। यह रोमांचक मैच दुबई में खेला गया। भारत की जीत के बाद देशभर में जश्न का माहौल है।

### भारत हमेशा विजयी रहेगा : योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, 'चाहे कोई भी मैदान हो, भारत हमेशा विजयी रहेगा... भारतीय क्रिकेट टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को हार्दिक बधाई'। अंत में उन्होंने जय हिंद लिखा।

### एकता ही जीत की नींव : अखिलेश



सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने लिखा, एकता ही जीत की नींव है। भारतीय क्रिकेट टीम के सभी एकजुट खिलाड़ियों, कोचों, सहयोगी स्टाफ और देशवासियों को एशिया कप जीतने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

# रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के घर नेपाली नौकर ने की चोरी





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के घर चोरी की बड़ी वारदात हुई है।

थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 39 में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के घर से उनके घरेलू नौकर ने अपने साथियों संग मिलकर लाखों रुपए कीमत के जेवरात नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के समय आईएएस अधिकारी अपनी पत्नी समेत लखनऊ गए हुए थे। उन्होंने नेपाली नौकर को दो महीने पूर्व ही नौकरी पर रखा था।

थाना सेक्टर-39 पुलिस ने बताया कि थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के जी-2 सेक्टर-39 **(शेष पृष्ठ-4 पर)**


# 21 की मंजिल से कूद कर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा से इस समय बड़ी ही दर्दनाक खबर आ रही है। यहां एक युवक ने 14th एवेन्यू गौर सिटी 2 की 21वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के मुताबिक युवक पेशे से डॉक्टर बताया जाता है हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। ग्रेटर नोएडा के 14th एवेन्यू गौर सिटी में वर्ष 2022 में एक कपल ने भी 22 मंजिल से कूदकर आत्महत्या की थी।

जानकारी के मुताबिक थाना बिसरख क्षेत्रांतर्गत 14th एवेन्यु गौर सिटी-2 की 21वीं मंजिल से कूदकर शिवा पुत्र राकेश कुमार शर्मा उम्र करीब 29 वर्ष ने आत्महत्या कर ली।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सक ने शिवा को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक शिवा के परिजन मौके पर मौजूद हैं। शिवा ने आत्महत्या की क्यों इसके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।



नोएडा के सेक्टर 55 में स्थापित पंडाल अपनी जीवंत परंपराओं के लिए जाना जाता है। नवोदय पूजा समिति हर साल इसका आयोजन करती है, जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ कई स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया जा सकता है।

# दंपत्ति पर रॉड से हमला कर किया लहू-लुहान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर क्षेत्र के रंहेरा गांव में तीन लोगों ने एक व्यक्ति के घर में जबरन घुसकर लोहे की रोड से हमला कर दिया। इस हमले में पति-पत्नी घायल हो गए दोनों को घायल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।



रनहेरा गांव निवासी हीरी सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 13 सितंबर की शाम को वह अपने घर में घरेलू कार्य में व्यस्त था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रमोद उसके बेटे सनी व वरुण अपने हाथों में लोहे की रॉड लेकर जबरन उसके घर में घुस आए। इन लोगों ने आते ही गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब गाली गलौज का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने लोहे की रॉड से उसे पर हमला कर दिया। इस दौरान उसकी पत्नी उनको बचाने आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर शराबा सुनकर पड़ोस में रहने वाले विजय कुमार, सोमवीर सहित अन्य लोग मौके पर आए। लोगों को देखकर तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक इस हादसे में उन्हें तथा उनकी पत्नी को गंभीर चोटे आई हैं। तीनों पिता पुत्र उन्हें एफआईआर दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जारचा क्षेत्र के बिसाहडा गेट के पास तेज गति में जा रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों भाई घायल हो गए। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई।

बिसाहडा गांव निवासी आकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 27 सितंबर के दोपहर को अपने भाई गौरव को मोटरसाइकिल से कोचिंग के लिए छोड़ने जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक बिसाहडा गेट के पास पहुंची तो तेज गति में आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके भाई गौरव को गंभीर चोटें राहगीरों की मदद से वह गौरव को उपचार के लिए मोहन स्वरूप अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### मदद के बहाने बदला कार्ड, नकदी निकाली

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एटीएम बूथ पर खड़े जालसाज ने मदद करने के बहाने युवती का डेबिट कार्ड बदल दिया। बदले गए डेबिट कार्ड की मदद से जालसाज ने खाते से 53000 निकाल लिए। पीड़िता ने थाना सूरजपुर में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। सूरजपुर में रहने वाली पूजा शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भारतीय स्टेट बैंक में बचत खाता है। उसने अपनी बेटी जिया शर्मा को बैंक का डेबिट कार्ड देकर एटीएम से **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

### मुकदमें में सुलह के लिए बुलाकर पीट डाला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** न्यायालय में चल रहे मुकदमे में सुलह करने के लिए बुलाई गई महिला व उसके पति के साथ मारपीट की गई। पीड़ितों ने इस संबंध में अपने चाचा व चचेरे भाई बहनों के खिलाफ थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कराया है। छोलस निवासी वसीम सय्यदा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका अपने चाचा से किसी बात को लेकर वाद विवाद चल रहा है। इसका एक मुकदमा न्यायालय में भी विचाराधीन है। इस मुकदमे में फैसले की बात करने के लिए उसे गांव के ही गुलजार **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# पूजा करने गई नाबालिग को ले गया युवक, चार किशोरियां लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थानों से चार किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरियों के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना फेस-3 क्षेत्र के मामूरा गांव में किराए पर रहने वाले विनोद (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 15 सितंबर की दोपहर को घर से बिना बताए चली गई। काफी देर बाद जब वह नहीं लौटी तो उन्होंने अपनी बेटी की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला में रहने वाली संजना (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 सितंबर की शाम को उनकी 15 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश में पर भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उन्होंने अपने स्तर पर भी बेटे की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

वही रबूपुरा कोतवाली में एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिक बेटी को जबरन बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 27 सितंबर की सुबह मंदिर पूजा करने के लिए जा रही थी म्याना गांव निवासी हिमांशु उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपनी कार में बैठा कर ले गया पीड़ित के मुताबिक कई दिनों से दीपक उर्फ कल्ली व वंश त्यागी उसकी बेटी की रेकी कर रहे थे।

वहीं थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के शाहपुर गांव से 15 वर्षीय किशोरी घर से बिना बताए चली गई। शाहपुर गांव में किराए पर रहने वाली दिव्या (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 27 सितंबर को वह परिवार सहित घर में सोए थे सुबह जगह सो कर उठे तो उनकी 15 वर्षीय बेटी घर में नहीं थी। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज आखिरी दिन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज आखिरी दिन है। ट्रेड शो के समापन पर केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ट्रेड शो में पहुंचे। आज 500 करोड़ से अधिक के कारोबार की उम्मीद है। ट्रेड शो में चौथे दिन 1,34,938 दर्शक पहुंचे। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में चार दिनों में चार लाख से ज्यादा लोग पहुंच चुके हैं। ट्रेड शो में अब तक 400 करोड़ से ज्यादा के 1000 एमओयू किए गए हैं। 4 दिनों में 1000 एमओयू विदेशी खरीदारों के साथ किए गए हैं। वहीं 25 श्रेणियां में 72 प्रदर्शकों को किया गया सम्मानित भी किया गया है।





### बैण्ड की मनमोहक प्रस्तुतियों ने ट्रेड शो में बांधा समा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (तीसरा संस्करण) के अंतर्गत इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जा रहा है। पाँच दिवसीय इस आयोजन में देश-प्रदेश की लोक एवं शास्त्रीय परंपराएँ मंच पर जीवंत हो रही हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार द्वारा अभिलेख प्रदर्शनी तथा उत्तर प्रदेश संग्रहालय निदेशालय द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं संस्कृति मंत्री के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हो रहा है। 28 सितम्बर 2025 को आयोजित भव्य सांस्कृतिक उत्सव में कला, संगीत और नृत्य की अद्भुत छटा देखने को मिली। बस्ती के सुप्रसिद्ध भजन गायक ब्रजेश साण्डिल्य ने अपनी मधुर और भावपूर्ण प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं लखनऊ के प्रतिष्ठित SNA अवार्डी किशोर चतुर्वेदी ने अपनी अद्वितीय शैली में भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। अम्बेडकर नगर की प्रतिभाशाली गायिका **(शेष पृष्ठ-4 पर)**



### लखनऊ सोनभद्र व प्रयागराज के बैंड आज देंगे प्रस्तुति

29 सितम्बर, 2025 को लखनऊ के अंदाज बैण्ड/श्री शिवम मिश्रा सूफी बैण्ड प्रस्तुति देंगे। सोनभद्र के संतोष मादल सिंहा नृत्य प्रस्तुत करेंगे। प्रयागराज के जलज श्रीवास्तव कबीर गायन और नोएडा की सुश्री अनुराधा शर्मा कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। यह आयोजन कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह न केवल उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ बना रहा है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty ●well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ●Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## उत्पादों पर टैरिफ

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिये नए सिरे से जारी बातचीत के बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फार्मा उत्पादों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने ब्रांडेड और पेटेंटेड दवा उत्पादों पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है, बशर्ते कि दवा निर्माता कंपनियां अमेरिका में उत्पादन सुविधाएं स्थापित न करें। आशंका है कि ट्रंप के इस कदम का प्रभाव भारत के फार्मा उद्योग पर पड़ सकता है, जिसने देश को 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले तीस अरब डॉलर के फार्मा उत्पादों में से दस अरब डॉलर से अधिक का निर्यात भारत से होता है। भारत मुख्य रूप से अमेरिका को कम लागत वाली जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। यह अच्छी बात है कि ये जेनेरिक दवाइयां नई टैरिफ व्यवस्था के दायरे में नहीं आती हैं। हालांकि, अभी तक सक्रिय दवा सामग्री यानी एपीआई पर कोई स्पष्टता नहीं है। वैसे भारत से भारतीय ब्राडेंड दवाइयों का भी निर्यात होता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के अनुसार फॉर्मास्युटिकल क्षेत्र में भारत सबसे बड़ा निर्यातक है, लेकिन ये अधिकांशतः गैर-ब्रांडेड दवाइयां हैं। वैसे अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर पचास फीसदी टैरिफ लगाने पर भी आशंका जताई गई थी कि इससे जेनेरिक व ब्रांडेड दवाएं महंगी हो सकती हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में भारत की फार्मा कंपनियों की आय का बड़ा जरिया होने के कारण ये काफी कम मार्जिन पर काम करती हैं। ऐसे में यदि उन पर टैरिफ लगता है, तो उनका वहां कारोबार करना कठिन हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के दवा बाजार में बड़े ब्रांड वाली दवाइयों के सस्ते प्रारूप वाली जेनेरिक दवाइयों का आधे से अधिक हिस्से पर अधिकार है, जिससे अमेरिका की स्वास्थ्य सेवा लागत में अरबों रुपये की बचत होती है। एक अनुमान के अनुसार, यह बचत एक साल में दो सौ डॉलर से अधिक की होती है। आशंका जतायी जा रही है कि यदि भारत व अमेरिका में व्यापार समझौता नहीं होता तो भी टैरिफ के कारण कुछ भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों को बाजार से बाहर होना पड़ सकता है। लेकिन यह स्थिति अमेरिका के लिये भी संकट बढ़ा सकती है। भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों की अनुपस्थिति में अमेरिका में पहले ही दवाओं की कमी का संकट और गहरा सकता है। लेकिन ट्रंप के फार्मा उद्योग पर सौ फीसदी टैरिफ लगाए जाने से भारतीय दवा उद्योग में निराशा जरूर व्याप्त हुई है। देश के बड़े दवा शेयरों में अचानक आई गिरावट इसका ही नतीजा है। अब चाहे यह गिरावट अल्पकालिक हो, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि ट्रंप के अगले कदम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। दवा उद्योग को आशंका है कि ट्रंप आने वाले दिनों में जेनेरिक दवाओं पर भी टैरिफ लगा सकते हैं, जबकि अमेरिकी प्रशासन को पता है कि ऐसे किसी प्रतिबंध से वहां स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में इजाफा होगा। वहीं दूसरी ओर, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की इन दवाओं तक पहुंच सीमित हो जाएगी। निश्चित रूप से अमेरिका से चल रही बातचीत के दौरान भारत को इस मुद्दे को प्राथमिकता देनी चाहिए। हालांकि, अमेरिका को भी पता है कि ये निषेधात्मक टैरिफ खुद उसके लिये भी प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। साथ ही, अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं, जो पहले ही ट्रंप के विघटनकारी फैसलों का शिकार है। ऐसे में अमेरिका को सस्ती दवाओं को एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि आगामी समझौते में उसके दवा क्षेत्र के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित हों। इसके साथ ही भारत को अपनी दवाओं के लिये नये बाजार तलाशने चाहिए। साथ ही, प्रमुख भारतीय दवा कंपनियों को जटिल जेनेरिक दवाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो मुख्य रूप से ब्रांडेड श्रेणी में आती हैं। इससे दवा कंपनियों को उच्च मूल्य वाले बाजार में पहुंच बनाने में मदद मिल सकती है।

# टाइगर ऑफ स्काई की गौरवपूर्ण विदाई



**मिग-21 सुपर सोनिक फाइटर विमान का निर्माण सोवियत रुस द्वारा 1950 के दशक के दौरान आरंभ किया और मिग की पहली उड़ान 1955 में हुई। 1962 के युद्ध के अनुभवों के कारण भारत को अपनी वायुसेना को मजबूत बनाने की आवश्यकता महसूस हुई।**

चण्डीगढ़ के एयरबेस से मिग-21 की आखरी उड़ान के साथ मिग की विदाई केवल एक सुपरसोनिक फाइटर की विदाई नहीं है अपितु भारतीय वायु सेना के फाइटर बेडे से मिग की गौरवशाली अतीत की विदाई है। अपनी गति, शक्ति और मारक क्षमता के कारण नाम से ही दुश्मनों में दहसत बनाने वाले मिग-21 अपनी यात्रा के 62 वर्ष पूरे कर विदा हो रहा है। 1962 के युद्ध के कटु अनुभवों के बाद भारत ने अन्य विकल्प होते हुए भी सोवियत रुस के मिग-21 को प्राथमिकता दी।

1963 में चण्डीगढ़ में ही मिग ने भारतीय वायु सेना में प्रवेश किया और 26 सितंबर, 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेनाप्रमुखों के बीच औपचारिक विदाई ली है। स्क्वाड्रनलीडर प्रिया सिंह ने अंतिम उड़ान भर कर मिग-21 को शानदार-यादगार विदाई दी। मिग-21 का 1965, 1971, करगिल, बालाकोट और ऑपरेशन सिन्दूर तक गौरवशाली इतिहास रहा है। हालांकि मिग-21 के उड़ान के दौरान हुई दुर्घटनाओं ने इसे उड़ता ताबूत ही नहीं विडो मेकर तक कहा जाने लगा। दरअसल पाकिस्तान से युद्ध के दौरान अमेरिका के एफ-16 युद्धक विमान को गिरा कर सारी दुनिया को इसने आश्चर्य में ड़ाल दिया था। 1971 में ढ़ाका में गर्वनर हाउस पर बमबारी कर अपनी मारका क्षमता का लोहा मनवा चुका है। भारतीय वायु सेना में 800 से अधिक मिग का बेड़ा रहा है। इनमें से करीब 400 मिग के दुर्घटनाग्रस्त होने और करीब 200 पायलट और 50 नागरिकों की मौत के कारण गति, शक्ति और रफ्तार के बावजूद मिग-21 को उड़ता ताबूत कहा जाने लगा। यह दूसरी बात है कि कुछ दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण हुई तो कुछ अन्य कारणों से।

मिग-21 सुपर सोनिक फाइटर विमान का निर्माण सोवियत रुस द्वारा 1950 के दशक के दौरान आरंभ किया और मिग की पहली उड़ान 1955 में हुई। 1962 के युद्ध के अनुभवों के कारण भारत को अपनी वायुसेना को मजबूत बनाने की आवश्यकता महसूस हुई। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को एफ-16 विमानों की आपूर्ति के कारण भारत को भी अपनी वायुसेना को वेल इक्विप्ड करने की आवश्यकता महसूस हुई और अमेरिका सहित अन्य देषों के फाइटर विमानों के विकल्प होने के बावजूद भारत ने सोवियत रुस के मिग फाइटर विमान खरीदने को पाथमिकता दी। हालांकि 1965 के युद्ध में मिग का सीमित योगदान रहा पर 1971 के युद्ध की तो भाषा ही मिग फाइटर ने बदल कर रख दी। अमेरिका के एफ-16 विमानों को मारगिराकर मिग विमानों ने ना केवल अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया अपितु दुनिया के देशों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। हालिया ऑपरेशन सिन्दुर में भी मिग विमानों ने महत्वूपर्ण भूमिका निभाई है।

मिग-21 अपनी उड़ान क्षमता, तेजी से आकाश में उंचाई पर जाने, ध्वनी से भी तेज गति से उड़ाने भरने और निशाने पर निशाना साधनें में सफल रहा है। दुश्मन देश तो मिग के नाम से दहशत खाने लगे थे। मिग-21 छोटे रनवे, कठिन हालातों में भी उड़ान भरने में सक्षम रहा है। अचानक हमले के हालातों में भी यह भरोसेमंद रहा है। सूई की नोक जैसे इस विमान में तापमान की समस्या के बावजूद इस विमान की उड़ान भरने में वायुसेना फाइटर गौरव महसूस करते रहे हैं। 2021 के बालाकोट के दौरान भी इसने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया के 60 से अधिक देशों में मिग ने अपने पराक्रम को दिखाया पर मिग के निर्माता सोवियत रुस से ही मिग की विदाई सबसे पहले आरंभ हुई। रशिया ने 1990 से ही मिग की विदाई आरंभ कर दी। चीन, पौलेण्ड, बुल्गारिया, रोमानिया, चेकस्लोवाकिया, क्रोएशिया, हंगरी आदि इसे विदाई दे चुके हैं। हालांकि सीरिया, उत्तर कोरिया औद अफ्रिकी देशों में मिग सेना के हिस्से बने हुए हैं। भारत में मिग का लंबे समय का कार्यकाल रहा है।

फ्लाइंग काफिन जैसे नाम से बदनामी के बावजूद अपग्रेडेड मिग का भारतीय सेना में उपयोग होता रहा। निशाने पर लक्ष्य को साधने में सक्षम होने के बावजूद जिस तरह से इसके क्रेस होने की गति रही है उससे यह बदनामी का भी प्रमुख कारण रहा है। और यही कारण है कि मिग-21 की गौरवपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद अंततोगत्वा 62 साल की लंबी यात्रा के बाद इसे सम्मानपूर्वक विदाई दी गई है। देखा जाएं तो मिग ने भारतीय सेना में अपनी गौरवपूर्ण सेवाएं दी और भारतीय सैनिकों ने युद्ध के दौरान इसका जिस तरह से उपयोग किया वह भारतीय सेना के गौरव को बढ़ाने वाला रहा। यही कारण है कि मिग को गौरवपूर्ण समारोह में विदाई दी गई। जहां से इसकी शुरुआत हुई वहीं से इसको विदाई दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विदाई समारोह में कहा कि भारतीय वायु सेना के इतिहास में मिग की सेवाओं को स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। मिग को भारत और रुस के बीच संबंधों से भी जोड़ के देखा जाता रहा है। खासबात यह कि उड़ता ताबूत कहलाने के बावजूद भारतीय वायु सेना में मिग ने 60 वर्ष से भी अधिक समय तक अपने सामर्थ्य से देश के जरुरत के समय अपेक्षाओं पर खरा उतरा। युद्ध या यौद्धिक गतिविधियों के दौरान मिग गैम चैंजर सिद्ध हुआ है। यही कारण है कि मिग को रिटायरमेंट की गौरवपूर्ण विदाई दी गई। अब भारतीय वायु सेना में स्वदेशी फाइटर तेजस मिग का स्थान लेगा। सुखाई, राफेल और तेजस आदि की उपस्थिति से आज भारत की वायुसेना दुनिया की सबसे सक्षम और ताकतवर सेनाओं में से एक है। भले ही भारतीय वायु सेना के बेडे से मिग की विदाई हो गई है पर 1971 का युद्ध, करगिल, बालकोट, ऑपरेशन सिन्दुर और इसी तरह के अभियानों की चर्चा होगी तो मिग की गौरवपूर्ण सेवाओं को सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि दूसरी ने कहा- हे सखी! तुमने बहुत अच्छा कहा। इस विवाह से सभी का परम हित है। किसी ने कहा- शंकरजी का धनुष कठोर है और ये साँवले राजकुमार कोमल शरीर के बालक हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सबु असमंजस अहइ सयानी। यह सुनि अपर कहइ मृदु बानी॥**
**सखि इन्ह कहँ कोउ कोउ अस कहहीं। बड़ प्रभाउ देखत लघु अहहीं॥**

हे सयानी! सब असमंजस ही है। यह सुनकर दूसरी सखी कोमल वाणी से कहने लगी- हे सखी! इनके संबंध में कोई-कोई ऐसा कहते हैं कि ये देखने में तो छोटे हैं, पर इनका प्रभाव बहुत बड़ा है॥

**परसि जासु पद पंकज धूरी। तरी अहल्या कृत अघ भूरी॥**
**सो कि रहिहि बिनु सिव धनु तोरें। यह प्रतीति परिहरिअ न भोरें॥**

जिनके चरणकमलों की धूलि का स्पर्श पाकर अहल्या तर गई, जिसने बड़ा भारी पाप किया था, वे क्या शिवजी का धनुष बिना तोड़े रहेंगे। इस विश्वास को भूलकर भी नहीं छोड़ना चाहिए॥

**जेहिं बिरंचि रचि सीय सँवारी। तेहिं स्यामल बरु रचेउ बिचारी॥**
**तासु बचन सुनि सब हरषानीं। ऐसेइ होउ कहहिं मृदु बानीं॥**

जिस ब्रह्मा ने सीता को सँवारकर (बड़ी चतुराई से) रचा है, उसी ने विचार कर साँवला वर भी रच रखा है। उसके ये वचन सुनकर सब हर्षित हुईं और कोमल वाणी से कहने लगीं- ऐसा ही हो॥

(क्रमशः..)

## वैश्विक संघर्ष में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता

आज विश्वभर में साउथ मध्य एशिया से लेकर यूरोप तक कई देश आंतरिक एवं बाहरी संघर्षों से जूझ रहे हैं। आलम यह है कि सभी देश वैचारिक मतभेदों को सिर्फ हिंसात्मक तरीके से ही खत्म करने पर जोर दे रहे हैं, चाहे वो पिछले तीन सालों से लड़ा जा रहा यूक्रेन व रूस युद्ध हो या 20वीं शताब्दी से इजराइल एवं फिलिस्तीन के बीच लड़ा जा रहा छुटपुट युद्ध हो, हालांकि अक्टूबर 2023 से हमास के इजराल पर हमले के बाद ये मानवीय त्रासदी में बदल चुका है। वैश्विक स्तर पर लड़े जा रहे इन युद्धों की प्रकृति भौगोलिक है लेकिन दक्षिणी एशिया के देश बांग्लादेश और नेपाल में तो वैचारिक मतभेद हिंसक रूप ले चुके हैं। अभी हाल में ही नेपाल में युवाओं के नेतृत्व में हुआ जेन जी हिंसक आंदोलन का प्रदर्शन विश्वभर में सबने देखा जिसका अनुसरण दुनिया के अन्य देश जैसे लैटिन अमेरिका के देश पेरू में भी हुआ और लेह-लद्दाख में भी कुछ-कुछ देखने को मिला। इन हिंसक आंदोलनों के बाद एक सवाल जरूर मन में आता है कि क्या हिंसा ही समस्याओं का समाधान है? इन महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दों का गूढ़ विश्लेषण महात्मा गांधी की अहिंसात्मक विचारधारा से किया जा सकता है। यह सोच सर्वप्रथम विदेशी धरती दक्षिण अफ्रीका में बापू जी द्वारा 1906 में ट्रांसवाल एशियाटिक अध्यादेश के विरोध में पहले सत्याग्रह अभियान से शुरू हुई थी। इस अध्यादेश ने भारतीयों के अधिकारों को कम कर दिया था। गांधी जी ने सामूहिक बैठकें कर भेदभावपूर्ण कानूनों के खिलाफ सविनय अवज्ञा को प्रोत्साहित किया। इसके बाद 9 जनवरी 1915 को भारत वापस आने के बाद अहिंसात्मक आंदोलनों के माध्यम से देश को आग्राह करने की नींव रखी। उन्होंने देश के मजदूर, किसानों, युवाओं और हर वर्ग को अपने आंदोलनों से जोड़ा ताकि एकजुट होकर अंग्रेजों के खिलाफ आवाज बुलंद की जा सके। इसमें 1917 का चंपारण सत्याग्रह, 1918 का खेड़ा सत्याग्रह, 1920 का असहयोग आंदोलन, 1930 में चलाए गए सविनय अवज्ञा आंदोलन और दांडी मार्च और 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन प्रमुख थे। ये सभी आंदोलन सत्य व अहिंसा पर आधारित थे क्योंकि वे जानते थे कि वैचारिक एकजुटता बड़े से बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकती है। वर्तमान में हो रहे हिंसात्मक आंदोलनों के बीच में आर्थिक तौर पर हो रहे प्रतिबंध का जिक्र करना भी जरूरी हो जाता है क्योंकि वैश्विक स्तर पर जिस तरह अमेरिका अपनी बात मनवाने के लिए विकासशील देशों विशेषकर भारत व ब्राजील आदि पर टैरिफ लगा रहा है वो भी चिंतनीय है। इस संदर्भ में गांधी जी का असहयोग आंदोलन का जिक्र करना जरूरी हो जाता है जो ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पहला बड़ा पैमाने का जन आंदोलन था जिसमें लोगों ने अंग्रेजों की बनाई गई वस्तुओं, स्कूलों और अदालतों का बहिष्कार किया था। आज भी विरोध इस संदर्भ में किया जा सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गांधी जी की विचारधारा के अनुसार मेड इन इंडिया को प्रोत्साहित करने पर जोर दे रहे हैं। आज वैश्विक स्तर पर आर्थिक लड़ाई स्वदेशी अभियान के माध्यम से ही लड़ी जा सकती है। लेकिन इस अभियान पर आत्मविश्वास जगाने का काम सरकारों को भी जमीनी स्तर पर व्यावहारिक तरीके से करना होगा। बेशक आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के स्वदेशी हथियारों की धमक पूरे विश्व ने देखी हो लेकिन फिर भी दोनों देशों के हिंसात्मक अभियान को अहिंसात्मक वैचारिक अभियान के माध्यम से ही सुलझाया जा सकता है। बेशक समय ज्यादा लगे। इस समय विश्व भर में चल रहे हिंसात्मक आंदोलनों एवं लड़ाई को सिर्फ विचार-विमर्श एवं स्वयं आत्मनिर्भरता से ही निपटा जा सकता है, क्योंकि हथियारों के माध्यम से लड़ाइयां उन मुल्कों को तो कतई भी फायदा नहीं पहुंचा सकती, जहां युद्ध हो रहे हैं। ये लाभ सिर्फ हथियार बनाने एवं बेचने वाले देशों के लिए फायदेमंद हो सकता है। स्कॉटहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च संस्था के मुताबिक रूस व यूक्रेन युद्ध के समय अमेरिका की हथियार बनाने वाली कंपनियों ने 317 बिलियन का और यूरोप की कंपनियों ने 133 बिलियन व्यापार का लाभ कमाया है। आज चर्चा का विषय यह है कि हिंसा न तो शांति स्थापित कर सकती है और न ही शांति की ओर अग्रसर कर सकती है। अभी हाल के समय में हुए आंदोलन उन देशों को आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक तौर पर काफी हानि पहुंचा चुके हैं। फिर सवाल उठता है कि इन देशों के लोगों ने हिंसा से क्या हासिल किया? शायद दूरगामी कुछ भी नहीं। इसलिए जरूरी है कि समाज का हर वर्ग हिंसात्मक मॉडल को छोड़ अहिंसात्मक मार्ग के माध्यम से अपना भविष्य स्वयं तय करे। राष्ट्र दो अक्तूबर को गांधी जी को उनकी जयंती पर नमन करेगा। यह अवसर हमें गांधी जी की शिक्षाओं को व्यवहार में लाने का संदेश देता है। पूरे विश्व में शांति चाहिए तो हमें गांधी जी के मार्ग पर चलना होगा। हिंसा के जरिये हम कोई भी समस्या हल नहीं कर सकते हैं। हिंसा छोड़कर पूरे विश्व को गांधीवादी मार्ग पर चलना होगा, तभी हरेक समस्या का समाधान संभव है। इसी के साथ दो अक्तूबर को ही हम लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती भी मनाते हैं। राष्ट्र उन्हें भी नमन करेगा। अन्न के मामले में आत्मनिर्भर कैसे हुआ जा सकता है, यह हम शास्त्री जी से सीख सकते हैं। 1965 में भारत-पाक लड़ाई के समय शास्त्री जी ने भारत का नेतृत्व बखूबी किया और देश को शत्रु पर विजय दिलाई। इसी कारण पूरा देश उनका अनुसरण करता है।

**डा. निधि शर्मा**

## राशिफल

**अश्विन माह, कृष्ण पक्ष सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी ऊपर नीचे है। व्यापारिक दृष्टिकोण से अच्छा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बचके पार करें। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। कोई रिस्क मत लीजिएगा। वाहन धीरे चलाएं। स्वास्थ्य पे ध्यान दें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
गुण, ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे रहेगा। बाकी स्थिति आपकी ठीक है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
लिखने, पढ़ने के लिए अच्छा समय है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय है। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
गृह कलह के संकेत हैं लेकिन भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य ठीक ठाक, प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
गुण, ज्ञान की प्राप्ति। अपनों का साथ। स्वास्थ्य में सुधार। व्यापारी की स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। धन हानि के संकेत हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान बहुत अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता होगी। स्वास्थ्य प्रभावी दिख रहा है। प्रेम, संतान ठीक है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। पुराने स्त्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा।

# श्री राम के राजतिलक की घोषणा से देवता हुए चिंतित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा द्वारा साइट 4 ग्रेटर नोएडा में लीला गणेश वंदना से प्रारम्भ हुई।



कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग ने बताया मंचन में राजा दशरथ श्री राम के राज्य अभिषेक की घोषणा करते हैं तो देवलोक में देवता चिंतित हो जाते हैं आपसी विचार विमर्श से देवी सरस्वती को मंथरा की मति फेरने के लिये उनके कंठ में बैठ जाने पर सहमति हुई कैकयी राजा दशरथ से दो वर मांगती है एक में श्री राम को चौदह वर्ष का वनवास और दूसरे में भरत को राजतिलक यह सुनकर राजा दशरथ को शांतनु का श्राप याद आता है जब उनके हाथों धोखे से श्रवण का वध हो गया था और शांतनु ने श्राप दिया कि तुम भी पुत्र वियोग में प्राण त्यागोगे और राजा दशरथ राम के वियोग में प्राण त्याग देते हैं।

महासचिव बिजेंद्र सिंह आर्य ने बताया श्री राम वनवास जाते समय गंगा किनारे पहुँचते हैं वहाँ केवट उनके चरण रज धोकर उन्हें गंगा पार कराता है श्री राम गंगा पार करके भारद्वाज ऋषि का आशीर्वाद लेकर आगे वन की और जाते हैं उधर भरत अयोध्या लौटते हैं उन्हें श्री राम वनवास के बारे में ज्ञात होता है तो माता कैकयी को काफी बुरा भला कहते हैं और श्री राम को मनाने वन में जाते हैं ।

संयुक्त महासचिव सौरभ बंसल ने बताया 29 सितम्बर की लीला में नारद सूपर्णखाँ संवाद, सीता हरण, राम वियोग, जटायु मरण लीलाओ का मंचन होगा।

मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने बताया श्री रामलीला कमेटी पिछले 20 वर्षो से विजयमहोत्सव रामलीला मंचन कार्यक्रम कर रही है कमेटी हर वर्ष मंचन में कुछ ना कुछ नया दिखाने की कोशिस करती है जैसे 50 फिट का धनुष 55 फिट की हाईटी पर खंडित होना व हृष्टक्र का सबसे बड़ा स्टेज है और इस बार नगरवासियों के लिए बहुत ही सुन्दर मेला लगाया गया है जिसमें खाने पीने के बहुत अच्छे अच्छे स्टाल है व घरेलू उपयोग के सामान की अनेको दुकान है बच्चो के लिए झूले सर्कस जादू व अनेको मनोरंजन के सादन मेले में लगे हुए है। इस बार सिक्योरटी की पुलिस प्रसासन की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर अध्यक्ष मनजीत सिंह बिजेंद्र सिंह आर्य धर्मपाल भाटी मनोज गर्ग सौरभ बंसल विनोद कसाना ओमप्रकाश अग्रवाल कुलदीप शर्मा मुकेश शर्मा के के शर्मा हरेन्द्र भाटी मुकुल गोयल अमित गोयल अतुल जिन्दल गिरीश जिन्दल श्यामवीर भाटी श्रीचन्द भाटी मनोज यादव सुभाष चन्देल सुनील प्रधान अनुज उपाध्याय अतुल जैन अरुण गुप्ता अंकुर गर्ग गजेंद्र चौधरी विशाल जैन दीपक भाटी राहुल नम्बरदार प्रभाकर देशमुख विकास आर्य रिंकू आर्य प्रमोश मास्टर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# लीला में हुआ राम वन गमन का रोमांचित मंचन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा में कल भगवान श्री राम की लीला मंचन का छठवां दिन रहा। प्रभु की महालीला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अधिकारी श्रीमती मेघा रूपम रही।



अध्यक्ष आनंद भाटी ने बताया कि मंचन की शुरुआत प्रभु श्री राम माता सीता और भैया लक्ष्मण वन प्रस्थान में निषादराज से मिलते हैं प्रभु श्री राम का निषाद राज के प्रति प्रेम का वर्णन शब्दों में करना संभव ही नहीं निषाद राज के साथ श्रीराम केवट से मिलते हैं केवट कहता है प्रभु पहले मैं आपके पैर धोउंगा कहीं मेरी नाव स्त्री हो गई तो मेरी रोजी-रोटी का क्या होगा क्या प्रेम है एक भक्त का अपने प्रभु का चरणामृत पाने का, भैया भरत पूरी अयोध्या के साथ प्रभु श्री राम को वापस अयोध्या लाने के लिए प्रभु श्री राम से मिलते हैं और उनके मना करने पर उनके चरणों की खड़ाऊ को सिंहासन पर विराजित करके 14 वर्ष तक प्रभु श्री राम का शासन का कार्य चलाने की अनुमति मांगते हैं यह छोटे भाई का बड़े भाई के प्रति प्रेम की पराकाष्ठा को प्रस्तुत करता है।

भगवान श्री राम चित्रकूट और पंचवटी में अनेक ऋषियों से मिलते हैं बहुत सारे राक्षसों का बध करते हैं वन में रह रहे सामान्य जीवों को भय मुक्ति दिलाते हैं।

सीख.. निषाद राज और केवट का प्रसंग हमें सामाजिक समरसता और सामाजिक सद्भाव को प्रभु श्री राम की लीला से सीखने की प्रेरणा देता है जहां छोटे बड़े का कोई भेदभाव नहीं सबको समान अधिकार है प्रभु श्री राम ने यह उदाहरण सामान्य जनमानस के सामने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर संस्थापक परम पूज्य गोस्वामी सुशील महाराज, संस्थापक एडवोकेट राजकुमार नागर, पंडित प्रदीप शर्मा,शेर सिंह भाटी, हरवीर मावी, मुख्य संरक्षक नरेश गुप्ता, संरक्षक सुशील नागर,धीरेंद्र भाटी,मनोज गुप्ता, सतीश भाटी,दिनेश गुप्ता,पवन नागर,बालकिशन सफीपुर,धीरज शर्मा, अध्यक्ष आनंद भाटी, महासचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय नागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश शर्मा बदौली,सुभाष भाटी,उमेश गौतम,योगेंद्र भाटी,मनीष डाबर,रोशनी सिंह,चैन पाल प्रधान, मीडिया प्रभारी अतुल आनंद ,सत्यवीर मुखिया,फिरे प्रधान,पी पी शर्मा,महेश कमांडो, सचिव,ज्योति सिंह, वीरपाल मावी, जयदीप सिंह,गीता सागर, यशपाल नागर,तेजकुमार भाटी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रीमियम लीग कुलेसरा में कल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. दीपक कुशवाहा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उद्घाटन करने के बाद भाजपा नेता डॉ. दीपक कुशवाहा ने कहा कि आज के युग में खेल नितांत आवश्यक है और क्रिकेट जैसे खेल को सभी को खेलना चाहिए। उसके साथ-साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी करना चाहिए।

इस अवसर पर खिलाड़ियों ने उद्घाटन करने पहुंचे भाजपा नेता डॉ. दीपक कुशवाहा का स्वागत किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सुभाष भाटी ने एसीईओ को सौंपा ज्ञापन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के गांव गढ़ी शहदरा में लगभग 18 साल पहले डाली गई सीवर लाइन को मेन लाइन से नहीं जोड़ा गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने कहा की नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों के पास खूब शिकायतें की खूब पत्र लिखे खूब अधिकारियों ने दौरा किया खूब झूठ बोलकर गए लेकिन आज भी समस्या का समाधान नहीं हुआ गांव मे जगह जगह सीवर उफान पर है रास्तों पर चलना भी मुश्किल हो रहा है सीवर की गंदगी नालियों मे जाती है जिससे गांव वासियों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मच्छरों ओर संक्रमण का पनपने का खतरा बढ़ रहा है ऐसा भी नहीं है की नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों को जानकारी नहीं है अधिकारी एसी के रूम मे बैठे रहते है ओर चाय-कॉफी पीते रहते हैं। सीवर लाइन की सफाई को भी कई वर्ष हो गए। सफाई भी नहीं हुई है।



पूर्व प्रधान वीरसिंह भाटी ने कहा है कि हम केवल कागज़ों वाले नोएडा मे रह रहे है जमीनी हकीकत ये है कि हम शून्य है। हमने अपनी जमीन नोएडा शहर बसाने के लिए दी थी ओर आज हमें सुविधा के नाम पर ठगा जा रहा है। ऐसा लग रहा है अधिकारी की मंशा ठीक नहीं है। यही हाल स्वास्थ विभाग का है गांव में ठीक से सफाई नहीं हो पाती है। शिकायतें करने के बाद भी कोई समस्या का हल नहीं निकलता है। हम गांववासी बदबू में रहते है नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों की वजह से हम लोग परेशान हैं।



**कस्बा दनकौर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर फिलिंग स्टेशन पर लगे कर्मचारी लोगों के साथ अभद्रता से व्यवहार करते हैं और फिलिंग स्टेशन पर मानक के अनुसार कोई भी व्यवस्था नहीं है।**

# भाकियू (लोकशक्ति) का धरना जारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 61वें दिन लगातार धरना प्रदर्शन प्रेमचंद भाटी की अध्यक्षता में तथा मास्टर श्यौराज राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के नेतृत्व में जारी रहा। धरना स्थल पर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है कि सोमवार से एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से अमित गोड़ युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मिलेगा और दो माह से लगातार गांव रैनीजा पर अनिश्चितकालीन धरने तथा किसानों की मांगों से अवगत कराया जाएगा तथा जिला अधिकारी को जेबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा सेक्टर 22ई यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में लगातार जल दोहन, यमुना एक्सप्रेस-वे का आवासीय प्लाट एवं अतिरिक्त मुआवजा,वादियों के निस्तारण तथा जिन किसानों का अवार्ड नहीं किया गया है। उन सभी को वर्तमान दर का मुआवजा व अवार्ड वाले किसानों की अंतरधनराशी जैसी समस्याओं से और प्राधिकरण के अधिकारियों की बेरुखी से अवगत कराया जाएगा।



आज के धरने पर शीले, राजन, रन्नु, ओमपाल,जैप्रकास, हरिओम, सुनील भाटी राहुल भाटी, रोबिन सिंह, हरपरसाद, लखपत,अजर मोहम्मद, रफाकत, अहमद सहीद, नसरत, शमसेर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू ( लोकशक्ति ) संगठन का हुआ विस्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की संगठन विस्तार हेतु मीटिंग निठारी बारात घर में हुई जिसकी अध्यक्षता डाक्टर रोहतास व संचालन महानगर अध्यक्ष महेश तंवर ने किया ।



राष्ट्रीय महासचिव चौधरी बीसी प्रधान ने बताया कि संगठन की लोकप्रियता को देखते हुए निठारी गांव में भारी तादाद में लोग संगठन से जुड़े। जिसमें गांव के लोगों ने बताया कि हमारे जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण गांवों के लोग बहुत परेशान है इसलिए हमारी चेतावनी है। इस सरकार व प्राधिकरण ध्यान दे नहीं तो प्राधिकरण गाँवों का विरोध झेलने के तैयार रहे हमारा संगठन पूरी तरह से किसान मज़दूरों के साथ है। आज जुड़ने वाले नये साथी नरेश शर्मा, पियूष अंबावता, मनोज शर्मा, सन्नी कौशिक, नीरज जाटव, अकरम,प्रशांत, अरुण, नितिन, मनोज सैन ,राहुल अंबावता, परविंदर, जयकिशन, कौशल, रवि जाटव, विमल शर्मा, अनिल नागर, अरविंद कुमार, अरुण कुशवाह इत्यादि काफी लोगों ने भाकियू लोकशक्ति की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में मुख्य रूप से परिवहन मंत्री ओमप्रकाश गुर्जर महानगर उपाध्यक्ष हरि अवाना, युवा महानगर अध्यक्ष राजकुमार मोनू,युवा उपाध्यक्ष गोविन्द अंबावता, हरेन्द्र बैसोया, बबलू यादव, विजयपाल भाटी, सुनील अंबावता, अरुण गौतम, लोकेश चौहान, कालू तंवर, बंटी सोलंकी, शफीक, राहुल यादव, सन्नी कौशिक, पूरण यादव, अजय चौहान, दीपक गौतम इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मंत्री ने दी जीएसटी की जानकारी



**भदोही ।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में कल गोपीगंज नगर में जीएसटी से संबंधित जानकारी प्रदेश सरकार में मंत्री एके शर्मा ने दी।

मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच के चलते नेक्स्ट जेन जीएसटी पर काफी सुधार किया गया है। वहीं पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जनपद भदोही के प्रभारी मंत्री एके शर्मा गोपीगंज नगर ग्लोबल स्टार से शुरुआत कर लोगों से मिलना शुरू किया। वहीं से केंद्र की सरकार और प्रदेश की सरकार के द्वारा की गई जीएसटी से राहत संबंधित व्यापारियों के विषय की जानकारी दिया और लगभग 50 लोगों से दुकानदारों से मुलाकात की और जीएसटी संबंधित बहुमूल्य जानकारी दिया इस पर क्या-क्या छूट है।

इस अवसर पर सांसद डॉ. विनोद बिंद विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी जिला महामंत्री रमेश पांडेय जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय इस कार्यक्रम के संयोजक बृजेश गुप्ता सह संयोजक प्रियंका जायसवाल अरविंद शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद दुबे मंडल अध्यक्ष अश्वनी कुमार अग्रवाल वीरेंद्र पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रमोद चंद्र गुप्ता की 'दर्पण झूठ न बोले' का हुआ विमोचन

**मिर्जापुर।** हिंदी श्री साहित्य संस्थान व अधिपरख संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक विमोचन समारोह प्लेवे स्कूल के सभागार में हुआ। मिर्जापुर के वरिष्ठ कवि प्रमोद चंद्र गुप्ता द्वारा रचित काव्य संग्रह %दर्पण झूठ न बोले% का विमोचन मुख्य अतिथि रामहर्ष गुप्ता, अध्यक्षता कर रहे गणेश गंभीर व मंचासीन अतिथियों ने किया।

मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में लालब्रत सिंह सुमन, सलिल पाण्डेय, रचित जैन, मुहीब मिर्जापुरी, लल्लू तिवारी, राजपति ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार यादव और आनंद अमित ने संयुक्त रूप से किया। मां सरस्वती की तस्वीर पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया व पुस्तक का विमोचन किया। प्रारंभ में सरस्वती वंदना नंदिनी वर्मा ने सुनाया।

मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि व्यक्ति स्वयं से नहीं कर्म से जाना जाता है। प्रमोद चंद्र गुप्ता ने सामान्य परिवेश में रहते हुए पुस्तक लिखकर प्रशंसनीय कार्य किया है। अध्यक्षता कर रहे गणेश गंभीर ने अपने वक्तव्य में कहा कि कविता शब्दातीत को शब्द संभव बनाने की कला है। कविता पाठ के क्रम में उन्होंने ने पुस्तक के लेखक को बधाइयां दीं और अपने वक्तव्य में उनकी रचनाओं को सराहा।



सुनाया - अपनी तो पहचान है, हिंदी हिंदुस्तान। पुण्य जन्म के पुण्य का, फलीभूत वरदान। विशिष्ट अतिथि सलिल पाण्डेय, लल्लू तिवारी, रचित जैन, राजपति ओझा

काव्यपाठ के क्रम में लल्लू तिवारी ने सुनाया - किसी सूरज को कब होती है, सुबहो शाम की चिंता। किसी सुकरात को होती नहीं अंजाम की चिंता। विजय कुमार श्रीवास्तव ने सुनाया- धन्य हुआ वह मानव तन, जब बेटी ने जन्म लिया। केदारनाथ सविता ने सुनाया - नाव कागज की सही कुछ न कुछ आधार तो है। नंदिनी वर्मा ने सुनाया - चंद सांसें जो चल रही हैं, चलने दो ना। मौत छलिया सी छल रही है, छलने दो। रविन्द्र पाण्डेय सरल ने पढ़ा -न हों हैरान संख्या से, यहां हर एक युग में हम, सदा गिनती के होते हैं कि बहुतेरे नहीं होते। सृष्टि राज ने सुनाया गाजर सा अरि के मुंडो को काट काट ला सकती हूं। नंदलाल सिंह चंचल ने सुनाया- तूने नफरत का जो बाजार सजाया हुआ है। तू ये कहता है ये कश्मीर पराया हुआ है। गफ्फार नियाजी ने सुनाया - कौन हिन्दू है यहां, कौन मुसलमान यहां। अमरनाथ सिंह और अनूप कुमार गुप्ता ने भी कविता सुनाया। सभी कवियों को अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रहमतुल्लाह खान, निशांत गुप्ता, प्रवीण, साधना गुप्ता, अविनाश धवन, शालिनी, आदित्य, आयुष्मान, मयंक प्रजापति आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आनंद अमित ने सबका धन्यवाद प्रकट किया।

## नीलामी सूचना

पुलिस थाना एक्सप्रेस-वे नोएडा कमि. गौतमबुद्धनगर में खडे वाहनों की नीलामी दिनांक 30/09/25 को प्रस्तावित है। इच्छुक बोलीदाता प्रात 09.00 बजे तक समय से पहुँच कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी की प्रक्रिया समय प्रात: 10.00 बजे की जाएगी। नीलामी में देरी से आने पर कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**थानाध्यक्ष थाना एक्सप्रेस-वे नोएडा कमि0 गौतमबुद्धनगर**

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# अनिल कुमार बने अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच के ब्लॉक महामंत्री

**दनकौर ( चेतना मंच )।** अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच की संगोष्ठी का आयोजन ब्लॉक दादरी पर हुआ संगोष्ठी की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने किया उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में शिक्षक कर्मचारी 1 अक्टूबर को पुरानी पेंशन की मांग को लेकर ट्विटर अभियान चलाएगा।



बैठक का संचालन जिला महामंत्री जगबीर भाटी ने किया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रोहतास कुमार ने कहां की पुरानी पेंशन एक दिन अवश्य बहाल होगी। बैठक में अनिल कुमार प्राथमिक विद्यालय चीती को ब्लॉक दादरी का महामंत्री मनोनीत किया गया।

ब्लॉक मंत्री विजय शंकर प्रसाद, हमें इस संघर्ष में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ब्लॉक महामंत्री वेद प्रकाश ने कहा सभी ने अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच को मजबूत करने की अपील की। ब्लॉक अध्यक्ष जेवर वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने अटेवा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में, ब्लॉक अध्यक्ष दनकौर दीपक भाटी जिला संगठन मंत्री नीरज सिंह संजय खारी, टीटू छत्रपाल, रमेश यादव गजेंद्रखारी, जतन सिंह गजेंद्र कुलदीप छत्रपाल जगदीश पुष्पेंद्र शर्मा परमेश्वर कमलेश चंद धर्मवीर नवीन कुमार तमकीन मनोज कुमार मुकेश कुमार सत्येंद्र कुमार आदि ने अपने विचार रखें।

# विश्व नदी दिवस पर गंगा घाटों पर स्वच्छता अभियान और संकल्प कार्यक्रम



**प्रयागराज ( चेतना मंच )।** विश्व नदी दिवस के अवसर पर गंगा समग्र प्रयाग उत्तर काशी प्रांत के कार्यकर्ताओं ने गंगा घाटों पर व्यापक स्वच्छता अभियान एवं संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम छुहारा हनुमान जी गंगाघाट, जोंधवल और तेलियरगंज घाट पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान गंगा समग्र काशी प्रांत के संयोजक राकेश मिश्र ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को गंगा और इसकी सहायक नदियों के संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ज्ञान प्रकाश, अरविंद तिवारी, राकेश द्विवेदी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, अजय मिश्रा, राजेश ओझा, बालेन्दु भूषण, अजय द्विवेदी, पुरोहित जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना सेक्टर-142 सेन्ट्रल नोएडा, गौतमबुद्धनगर पर दिनांक 30.09.2025 को वाहनों की सार्वजनिक नीलामी समय 12.00 बजे दोपहर थाना प्रांगण में की जायेगी। सार्वजनिक नीलामी में शामिल होने वाले इच्छुक व्यक्ति प्रात: 09.00 बजे थाना सेक्टर 142 सेन्ट्रल नोएडा, गौतमबुद्धनगर पर उपस्थित होकर धरोहर राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

**( विनोद कुमार मिश्र )**
**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना सेक्टर 142 सेन्ट्रल नोएडा, कमिश्नरेट- गौतमबुद्धनगर**

## हाईएलडीएल कोलेस्ट्रॉल का इलाज दिल की सेहत के लिए एक चरण-दर-चरण गाइड

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल की सेहत कई कारणों से प्रभावित हो सकती है। इनमें से एलडीएल या बैड कोलेस्ट्रॉल सबसे अहम माना जाता है। उम्र बढ़ना या पारिवारिक इतिहास जैसे कारण हमारे नियंत्रण में नहीं होते, लेकिन एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को सक्रिय रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। जब एलडीएल का स्तर ज़्यादा हो जाता है, तो यह धमनियों में प्लेक बनाता है, जिससे खून का प्रवाह बाधित होता है और हार्ट अटैक या स्ट्रोक का ख़तरा बढ़ जाता है। इसलिए एलडीएल को नियंत्रित रखना बेहद ज़रूरी है। चूँकि हाई एलडीएल अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण नहीं देता, इसलिए नियमित लिपिड प्रोफ़ाइल जांच बेहद आवश्यक है। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की 2024 गाइडलाइन के अनुसार, कोलेस्ट्रॉल की जांच 18 वर्ष की उम्र से ही शुरू कर देनी चाहिए। शुरुआती जांच से हाई एलडीएल का जल्दी पता चल जाता है और उसका इलाज आसान हो जाता है। भूषण शाह, असिस्टेंट प्रोफेसर, कार्डियोलॉजी, एम्स भोपाल ने कहा एलडीएल कोलेस्ट्रॉल चुनौतीपूर्ण है क्योंकि यह बिना लक्षणों के धीरे-धीरे बढ़ता है और जीवनभर बना रहता है। मरीजों की सबसे आम गलती यह होती है कि जब उनके स्तर सामान्य हो जाते हैं या तबियत ठीक महसूस होने लगती है, तो वे दवाएँ बंद कर देते हैं। वास्तव में, दवा बंद करते ही कोलेस्ट्रॉल तेजी से बढ़ जाता है। इसलिए एलडीएल-सी को लगातार नियंत्रित करना जरूरी है और एक बार शुरू हुई दवा को जीवनभर जारी रखना अनिवार्य है। कोलेस्ट्रॉल का लक्ष्य सभी के लिए समान नहीं होता, यह जोखिम प्रोफाइल पर निर्भर करता है।

## दुबई में स्थित एचडीएफसी बैंक की शाखा के खिलाफ की गई कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। एचडीएफसी बैंक की दुबई शाखा से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है। स्थानीय नियामक ने अपनी दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर शाखा में नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया है। भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने बताया है कि उसने दुबई वित्तीय सेवा प्राधिकरण के नोटिस का अनुपालन करने के लिए जरूरी कदम उठाए हैं और नियामक के इस फैसले से बैंक के संचालन पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। एचडीएफसी बैंक के खिलाफ किन उल्लंघनों के लिए कार्रवाई की गई है। इसकी सटीक जानकारी सामने नहीं आई है। एचडीएफसी बैंक ने शुक्रवार की देर शाम एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि उसे डीएफएसए से नोटिस मिला है। इसमें डीआईएफसी शाखा की ओर से ग्राहकों को दी जाने वाली वित्तीय सेवाओं से जुड़ी कथित उल्लंघनों और ग्राहकों की ऑनबोर्डिंग में गड़बड़ियों की बात कही गई है। एचडीएफसी बैंक ने बताया कि ग्राहकों से संपर्क करने पर रोक लगा दी गई है, लेकिन बैंक मौजूदा ग्राहकों को सेवा देना जारी रखेगा। एचडीएफसी बैंक ने बताया कि डीआईएफसी शाखा में संयुक्त खातों समेत 1,490 ग्राहक हैं।

### साइबर हमला झेल रही टाटा ग्रुप की जगुआर लैंड रोवर को मिला ब्रिटिश सरकार का साथ

# 178 अरब की लोन गारंटी से होगी मदद



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ब्रिटेन टाटा मोटर्स की सब्सिडियरी जगुआर लैंड रोवर को 1.5 अरब पाउंड (2 अरब डॉलर या 178.26 अरब रुपये) की लोन गारंटी देगा ताकि साइबर हमले के कारण इस लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी का प्रोडक्शन बंद होने के बाद इसकी सप्लाई चेन को सहारा मिल सके। जगुआर लैंड रोवर का प्रोडक्शन शटडाउन लगभग एक महीने से चल रहा है और ब्रिटिश सरकार कंपनी और उसकी सप्लाई चेन को सहारा देने के ऑप्शन तलाश रही थी। ब्रिटेन के व्यापार मंत्री पीटर काइल ने कहा कि यह साइबर हमला न केवल एक प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रांड पर हमला है, बल्कि हमारे वर्ल्ड-लीडिंग ऑटोमोटिव सेक्टर पर भी हमला है। भारत की टाटा मोटर्स की सब्सिडियरी जगुआर लैंड रोवर की तीन फैक्ट्री हैं जो मिलकर रोज लगभग 1,000 कारों का उत्पादन करती हैं और ब्रिटेन के दूसरे सबसे बड़े शहर बर्मिंघम और उत्तरी शहर लिवरपूल के आसपास के क्षेत्र में कई लोगों को रोजगार देती हैं। कंपनी को मिल रही लोन गारंटी पर पीटर काइल ने कहा कि यह लोन गारंटी सप्लाई चेन को सहारा देने और कुशल नौकरियों की रक्षा करने में मदद करेगी। व्यापार मंत्रालय ने कहा कि यह लोन ब्रिटेन की एक्सपोर्ट क्रेडिट एजेंसी यूके एक्सपोर्ट फाइनेंस द्वारा निजी तौर पर फाइनेंस और गारंटीड किया जाएगा और इससे कंपनी की सप्लाई चेन के लिए 1.5 बिलियन पाउंड का सपोर्ट मिलने की उम्मीद है। अनुमान लगाया गया है कि इस साइबर हमले के कारण जगुआर लैंड रोवर को बड़ा नुकसान हो चुका है। ये नुकसान कंपनी के पिछले वित्त वर्ष के पूरे लाभ से भी ज्यादा हो सकता है। अनुमान के अनुसार ये नुकसान 2 अरब पाउंड या करीब 23864 करोड़ रुपये तक हो सकता है।

### दुनियाभर के पेशेवरों को कनाडा बुलाने की तैयारी में पीएम कार्नी, कहा- जल्द बढ़िया स्कीम लाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से एच-1बी वीजा की फीस 1 लाख डॉलर करने के चलते कई स्किल्ड वर्कर्स (कुशल श्रमिक) का वहां जाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में कनाडा इस हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने शनिवार को लंदन में पत्रकारों से कहा कि वह अमेरिका में काम करने वाले टेक्नोलॉजी सेक्टर के उन लोगों को कनाडा बुलाना चाहते हैं, जो अब वीजा फीस बढ़ने से मुश्किल में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार अपनी आव्रजन नीति की समीक्षा कर रही है और ऐसे कुशल लोगों को अपने यहां बुलाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, उनकी सरकार जल्द ही एक बढ़िया स्कीम लाएगी, जिससे कुशल पेशेवर को कनाडा में आने की सुविधा होगी। टोरंटो की फर्म पैसेज के सीईओ मार्टिन बसिरी के मुताबिक वे लोग जो एच-1बी के जरिये अमेरिका आने की योजना बना रहे थे अब कनाडा का रुख करेंगे।

# तीन महीने में एक्सेंचर से 11000 कर्मचारियों की छंटनी

### दावा-एआई के बढ़ते असर के कारण लिया गया फैसला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंसल्टिंग फर्म एक्सेंचर ने पिछले तीन महीनों में दुनिया भर में 11,000 से ज्यादा कर्मचारियों को निकाला है। कंपनी की सीईओ जूली स्वीट ने कहा कि रिस्किलिंग की तुलना में कर्मचारियों को बाहर निकालना कंपनी के लिए बेहतर विकल्प साबित हो रहा है।

ग्लोबल कंसल्टिंग फर्म एक्सेंचर ने पिछले तीन महीनों में दुनिया भर में 11,000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की है। टेक जानकारों का मानना है कि तेजी से बढ़ रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक की मांग और कॉरपोरेट सेक्टर में सुस्ती इसकी बड़ी वजह है। कंपनी की सीईओ जूली स्वीट ने कहा कि रिस्किलिंग की तुलना में कर्मचारियों को बाहर निकालना कंपनी के लिए बेहतर विकल्प साबित हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह छंटनी 865 मिलियन डॉलर के पुनर्गठन प्रोग्राम का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी अपने वर्कफोर्स को एआई- संचालित समाधानों की मांग के अनुरूप ढाल रही है।

**कंपनी अपस्किलिंग में कर रही निवेश:** हालांकि छंटनी के साथ ही कंपनी अपस्किलिंग पर भी निवेश कर रही है। हाल ही में ब्लूमबर्ग ने रिपोर्ट किया था कि एक्सेंचर अपने सात लाख से ज्यादा कर्मचारियों को एजेंटिक एआई में प्रशिक्षित कर रही है। स्वीट के मुताबिक हर नई टेक्नोलॉजी के दौर में रिट्रेनिंग और री-टूलिंग की जरूरत होती है, और एक्सेंचर इसे बड़े स्तर पर करने में सक्षम है।

**चौथी तिमाही में किया 17.6 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज:** वित्तीय मोर्चे पर कंपनी ने चौथी तिमाही में 17.6 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया। यह मार्केट अनुमान 17.36 अरब डॉलर से अधिक है। वहीं, वित्त वर्ष 2026 में एक्सेंचर को दो से पांच प्रतिशत की ग्रोथ की उम्मीद है।

# चित्रकूट में श्रीराम-भरत मिलाप और सती अनुसुइया का मंचन

**नोएडा (चेतना मंच)।** ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी के दिव्य आशीर्वाद से नोएडा में आयोजित भव्य रामलीला मंचन का शुभारंभ भगवान श्रीराम की आरती के साथ किया गया। रामलीला मंचन में कलाकारों ने चित्रकूट में श्रीराम-भरत मिलाप और सती अनुसुइया के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया, जिसने दर्शकों के हृदय को भक्ति और संवेदना से सराबोर कर दिया।

रामलीला महोत्सव में सोमनाथ भारतीय, पंकज सिंह विधायक नोएडा एवं उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मीडिया प्रभारी ए.के. लाल ने बताया कि रामलीला में श्रीराम-भरत मिलाप के मंचन में भाई के प्रेम और समर्पण की भावना को कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से जीवंत कर दिया। सती अनुसुइया के प्रसंग ने आध्यात्मिकता और पवित्रता का संदेश दर्शकों तक पहुंचाया। मंचन के दौरान भावपूर्ण संवादों और संगीतमय प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन समिति ने सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सीसीटीवी कैमरों, प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों और आपातकालीन सेवाओं की सुदृढ़ व्यवस्था की गई।



इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष एवं महर्षि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री दुर्गा पूजा एवं रामलीला महोत्सव कार्यक्रम के संयोजक रामेंद्र सचान, कोषाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव तथा आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य यादवेंद्र यादव, शिशिरकांत श्रीवास्तव, श्रीकांत ओझा, विनोद दीक्षित, दयाशंकर गुप्ता, लल्लन पाठक, गिरीश अग्निहोत्री, शिशुपाल यादव, एस.पी. गर्ग, विनोद श्रीवास्तव, राजेंद्र शुक्ला, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भारत के घरेलू बीज बाजार और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक हैं नियमों में सुधार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अगर नीति और नियमों में व्यापक सुधार किया जाए, तो भारत के 30,000 करोड़ रुपये के बीज उद्योग से सालाना 800 करोड़ रुपये से ज्यादा अतिरिक्त आर्थिक मूल्य पैदा किया जा सकता है। इससे किसानों तक बेहतर किस्में जल्दी पहुंचेंगी और भारत का वैश्विक बीज व्यापार में हिस्सा लगभग 1त्र से बढ़कर 2035 तक 10त्र तक पहुँच सकता है, ऐसा फेडरेशन ऑफ़ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया की एक नई रिपोर्ट ने बताया।

**भारतीय बीज उद्योग में व्यापार करने में आसानी:** समग्र नीतिगत सुधारों के माध्यम से विकास को गति देनानामक इस रिपोर्ट को एफएसआइआइ की 9वीं वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन के दौरान लॉन्च किया गया। रिपोर्ट बताती है कि अगर नियमों को आसान बनाया जाए तो भारत की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। इन सुधारों से एक औसत बीज कंपनी हर साल 3-5 नई किस्में पेश कर सकती है,अनुसंधान और विकास में ज्यादा निवेश कर सकती है और किसानों तक नई तकनीक जल्दी पहुंचा सकती है। वांचिनाथन ने किसानों की नज़र से इस मुद्दे की अहमियत बताई। उन्होंने कहा,किसान जीएम फसलों और दूसरी नई तकनीकों की माँग कर रहे हैं, जो हमें जलवायु परिवर्तन, कीट-पतंगों और बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकें। हम ऐसी नीतियाँ चाहते हैं जो हमें वैज्ञानिक प्रगति का फायदा लेने दें, हमें पीछे न छोड़ें। अगर बाज़ार में ज़्यादा प्रतिस्पर्धा और विकल्प होंगे तो हमें अच्छे क्वालिटी के बीज समय पर मिलेंगे। पीछे मुड़कर देखें तो हरित क्रांति की सफलता इसलिए संभव हुई क्योंकि उस समय भ्रामक प्रचार नहीं था।

## अखिल भारतीय इफको कर्मचारी युनियन के को-आरडिनेटर चुने गए विजय कुमार यादव



**नई दिल्ली (चेतना मंच)।** नई दिल्ली स्थित इफको मुख्यालय में आयोजित अखिल भारतीय इफको कर्मचारी यूनियन की बैठक में इफको कर्मचारी यूनियन, फूलपुर के महामंत्री विजय कुमार यादव को अखिल भारतीय इफको कर्मचारी यूनियन का कोऑर्डिनेटर चुना गया।

इस उपलब्धि के उपरांत जब श्री यादव का इफको फूलपुर आगमन हुआ तो यूनियन कार्यालय में उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर इफको फूलपुर परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

इफको इंप्लायी यूनियन फूलपुर के अध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया की यह गौरवमयी पद लंबे समय बाद दूसरी बार इफको फूलपुर इकाई को प्राप्त हुआ है, जिससे पूरे परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

# पंचायत में फायरिंग 5 दबंग गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्राम रामपुर फतेहपुर में मकान बंटवारे के लेकर पंचायत में मारपीट व फायरिंग करने के पांच आरोपियों को थाना दादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्टल व कारतूस भी बरामद हुए हैं। इस मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

थाना दादरी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि ग्राम रामपुर फतेहपुर में मकान के बंटवारे को लेकर तेजवीर के घर पर पप्पू प्रधान, राजेंद्र प्रधान, अजय प्रधान व अन्य पंचों की उपस्थिति में दो पक्षों में पंचायत हो रही थी। पंचायत में बड़ी संख्या में दोनों पक्षों के लोग उपस्थित थे। पंचायत के दौरान मकान बंटवारे पर आपसी सहमति न बनने पर प्रथम पक्ष के तेजवीर रघुवर देवेंद्र हरेंद्र वीरेंद्र अंकित अतुल धर्मवीर धर्मपाल व करीब 25 अज्ञात लोग तथा दूसरे पक्ष के सोविंदर, रकी, निक्की, विकल व 10 अज्ञात लोग आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के लोगों के बीच मारपीट शुरू हो गई दोनों पक्षों ने लाठी डंडे में सरिया से मारपीट कर पत्र किया और जान से मारने की नियत पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और गांव वालों में वह व्याप्त हो गया। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना दादरी के उपनरीक्षक मोहन सिंह ने आरोपियों के खिलाफ बलवा सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विकल सिंह भाटी, निक्की उर्फ विवेक, सुरेन्द्र, रॉकी उर्फ जोगेन्द्र व तेजवीर को गिरफ्तार किया है।

# पैसे लूटने के लिए पशु व्यापारी का किया था कत्ल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर पुलिस ने पशु व्यापारी की हत्या का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त छुरी, मृतक का मोबाइल फोन तथा 45 हजार रुपए रुपए बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उसने पशु खरीदने के बहाने से व्यापारी को बुलाकर पैसे लूटने की नीयत से उसका कत्ल कर दिया था।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी ने बताया कि 24 सितंबर को युसूफ निवासी मोहल्ला फतेह खानी कस्बा बिलासपुर ने थाना दनकौर में अपने भाई मोहम्मद उर्फ मोमद की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उसका भाई पशु खरीदने का काम करता है। 23 सितंबर को उसका भाई पशु खरीदने के लिए घर से 70000 लेकर गया था जो वापस नहीं लौटा है और ना ही उसका फोन मिल रहा है। परिजनों को गुमशुदा मोहम्मद का शव एनआईयू के पीछे जंगल में झाड़ियों में पड़ा मिला। कुछ ही दूरी पर उसकी बाइक भी पड़ी हुई थी। मोहम्मद के शव पर कई घाव थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया।

एडीसीपी ने बताया कि इस घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस की कई टीम में लगी हुई थी। थाना प्रभारी मुनेंद्र कुमार उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम अमरपुर निवासी अवनीश नागर को गिरफ्तार किया। इसके निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त छुरी, मृतक का जूता, टूटा हुआ मोबाइल फोन रस्सी व 45000 रुपए बरामद हुए। पूछताछ में अवनीश नागर ने बताया कि उसे पहले से ही जानकारी थी कि मोहम्मद पशु खरीदने के लिए काफी पैसे लेकर आता है उसने फोन कर मोहम्मद को पशु खरीदवाने के बहाने से बुलाया इसके बाद वह उसे एनआईयू के पीछे जंगल में ले गया जहां चाकू से वारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

## चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा-2 पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। वाहन चोर के पास से चोरी की एक बाइक बरामद हुई है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम बीटा-2 लेबर गोल चक्कर की सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की बाइक पर आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नितिन कुमार पुत्र जगमाल सिंह निवासी दनकौर बताते स्वीकार किया कि उक्त बाइक चोरी की है। उसने यह बाइक मालवीय नगर से चोरी की थी। पकड़े गए आरोपों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# कंपनी में वाटर कूलर से लगा करंट, हुई मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर 83 स्थित एक कंपनी में वाटर कूलर से करंट लगने की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आज सुबह पुलिस को भंगेल स्थित सीएससी से आए मेमो से सूचना मिली कि करंट लगने की वजह से गंभीर हालत में एक व्यक्ति को उपचार के लिए लाया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल कुमार पुत्र हरिप्रसाद निवासी जनपद रामपुर के रूप में हुई। अनिल कुमार हाल में याकूबपुर में रह रहा था। सेक्टर-83 के बी ब्लॉक की एक कंपनी के वाटर कूलर से करंट लगने से उसकी मौत हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**रिटायर्ड आईएएस अधिकारी....**

में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस अधिकारी व नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी देवदत्त शर्मा के घर पर प्रकाश बहादुर नामक नेपाली युवक दो महीने से काम कर रहा था। रिटायर्ड अधिकारी अपनी पत्नी संग घटना के समय लखनऊ गए थे। रविवार की रात घरेलू नौकर प्रकाश ने अपने साथियों को घर पर बुलाया। वे एक मारुति कार में सवार होकर आए। चोरों ने घर के अंदर रखे हुए लॉकर और अलमारी आदि तोड़ दी, तथा वहां रखे लाखों रुपए कीमत के जेवरात नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। नेपाली व उसके साथी चोरी करके जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं।

घटना की सूचना आज सुबह को पुलिस को मिली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फॉरेसिंक टीम और पुलिस के अधिकारी जांच कर रहे हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे और सर्विलांस विधि के आधार पर नेपाली नौकर और उसके साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट हर जगह पर अलर्ट जारी कर दिया है।

**बैण्ड की मनमोहक प्रस्तुतियों...**

सुश्री मानसी सिंह ने लोकगायन से जनमानस को लोक संस्कृति की जड़ों से जोड़ दिया और ललितपुर के प्रसिद्ध कलाकार जितेन्द्र कुमार ने बुन्देली गायन के माधुर्य से सभागार में लोकधुनों की गूंज बिखेर दी। ललितपुर की उदीयमान कलाकार सुश्री मोहिनी राय ने सजीव व ऊर्जावान सेरा लोकनृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में Eternal Bliss बैण्ड की मनमोहक प्रस्तुति ने संगीत को आधुनिक और पारंपरिक लयों के संगम से नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया तथा Eternal Splenders की नृत्य-नाटिका ने कला और अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। आज के इस सांस्कृतिक आयोजन ने यह प्रमाणित कर दिया कि भारतीय संगीत और नृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिकता की जीवंत धरोहर भी हैं।

**मदद के बहाने बदला...**

पैसे निकालने के लिए भेजा था। एटीएम पर पहले से ही खड़े एक युवक ने मदद करने का बहाना करते हुए उसकी बेटी के हाथ से डेबिट कार्ड ले लिया। मौका पाकर उसने डेबिट कार्ड बदल दिया। एटीएम से पैसे ना निकलने पर उसकी बेटी वापस घर लौट आई। जालसाज ने उसके डेबिट कार्ड से 53000 का ट्रांजैक्शन कर लिया। पीड़िता का कहना है कि इस ट्रांजैक्शन का उसके मोबाइल पर भी कोई मैसेज नहीं आया बैंक जाने पर उन्हें इस ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली इसके बाद उन्होंने तुरंत बैंक में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की शिकायत पर थाना सूरजपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**मुकदमें में सुलह के...**

के यहां बुलाया गया था। वह अपने पति कामिल हुसैन तथा अपने बेटे मोहम्मद कुमेंल के साथ पहुंची थी। बातचीत के दौरान उसके चाचा नबी हसन उनके बेटे साज ईद अलमदार तथा नाजो ने वाद विवाद करना शुरू कर दिया उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो चारों में मिलकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसे तथा उसके पति व बेटे को चोटें आई हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## अज्ञात शव के सम्बन्ध में सूचना



दिनांक 27.9.2025 को विकास कुमार मो0न0- 7764097546 कैलाश अस्पताल सेक्टर-71 नोएडा ने थाना आकर सूचना दी कि एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 24 वर्ष को मृत अवस्था में पीआरवी 1850 मो0नं0- 9540330747 को दिनांक 27/09/2025 समय 10.00 बजे कैलाश अस्पताल सेक्टर-71 नोएडा में मृत अवस्था मे भर्ती करने के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ । इस सम्बन्ध में सूचना थाना हाजा के रो0आम की रपट नं0 39 समय 11.29 बजे दिनांक 27.09.2025 को दर्ज है।

**हुलिया मृतक**- मजबूत जिस्म उम्र करीब 24 वर्ष है। आँख, नाक, कान औसत जिसका कद करीब 05 फुट 05 इंच है। रंग सांवला है। काली रंग की हल्की दाढी व मूंछ है।

**मृतक के कपडे**- काली शर्ट व काली जीन्स व दाहिने हाथ में सफेद धातु का कड़ा व दाहिने हाथ की मध्यमा अंगुली में सफेद धातु की छल्ला पहने है।

यदि किसी थाने पर इस सम्बन्ध में कोई गुमशुदगी/सूचना दर्ज हो तो तुरन्त थाना सै0-63 नोएडा के दूरभाष नं0 8851066514, 7409042411 पर सम्पर्क करें।

**रवि पँवार**
**(उ.नि)**
**थाना सैक्टर-63, नोएडा**
**जिला गौतमबुद्धनगर**
**मो0न0 7409042411**

**(अवधेश प्रताप सिंह)**
**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना सैक्टर-63, नोएडा**
**जिला गौतमबुद्धनगर**
**मो0न0 8851066514**



## फैंस भूल गए एशिया कप

# विराट कोहली की इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर ने मचाई धूम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टीव नहीं है, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ एक नई तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। इस तस्वीर में दोनों एक बेहद प्यारे अंदा में दिख रहे हैं, जहां विराट ने प्यार से अनुष्का के माथे पर अपना गाल रखा हुआ है और दोनों कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए देख रहे हैं। यह तस्वीर पोस्ट होने के बाद सिर्फ दो घंटे में 5 मिलियन से अधिक लाइक्स बटोर चुकी है।

### विराट कोहली ने कैप्शन में लिखी ये बात

इस तस्वीर में विराट ने नीले रंग का लंबा कोट पहना हुआ है, जबकि अनुष्का ने ग्रे स्वेटर के साथ एक सफेद टॉप पहना है। इस पोस्ट के कैप्शन में विराट ने बस इतना लिखा, Been a minute. फैंस इस तस्वीर को शेयर भी कर रहे हैं। कई फैंस के इस पर अच्छे कमेंट भी किए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही क्रिकेट फैंस एशिया कप की बातें छोड़, इन दोनों के बारे में बात करने लगे हैं। ऐसा कि मानो वह एशिया कप को भूल चुके हैं।

पीकेएल-12:

# बंगाल वॉरियर्स ने पटना पायरेट्स को 6 प्वाइंट्स से हराया



**जयपुर, एजेंसी।** कप्तान देवांक (22 प्वाइंट) के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत बंगाल वॉरियर्स ने शनिवार को यहां सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 51वें मैच में पटना पायरेट्स को 48-42 से हरा दिया।

बंगाल वॉरियर्स की आठ मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम अब 13 अंक लेकर नौवें नंबर पर पहुंच गई है। पटना पायरेट्स को आठ मैचों में छठी हार का मुंह देखना पड़ा है। मुकाबले में बंगाल वॉरियर्स के लिए देवांक दलाल और पटना पायरेट्स के लिए माइटी मनिंदर सिंह ने अपनी-अपनी पूर्व टीम के खिलाफ मल्टी प्वाइंट्स लेकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद अयान ने सातवें मिनट में मल्टी प्वाइंट लेकर बंगाल वॉरियर्स को ऑलआउट कर दिया और स्कोर को 13-8 तक पहुंचा दिया। इस तरह पटना की टीम पहले 10 मिनट के खेल में 16-11 से आगे हो गई। बंगाल के लिए कप्तान देवांक ने डू ऑर डाई में तीन अंक लेकर अपनी टीम की वापसी करानी शुरू कर दी। उन्होंने इसके साथ अपना लगातार आठवां सुपर-10 भी पूरा कर लिया। पटना पायरेट्स की टीम यहां से ऑलआउट की कगार पर पहुंच गई। अगली ही रेड में मनिंदर भी टैकल कर लिए गए और बंगाल ने पटना पायरेट्स को ऑलआउट करके स्कोर 19-19 की बराबरी पर पहुंचा दिया।

धाकड़ देवांक ने पहले हाफ के अंतिम मिनट में एक और सुपर रेड लगा दी और बंगाल को तीन अंक दिला दिए। इससे बंगाल वॉरियर्स की टीम पहले हाफ की समाप्ति तक 26-25 से आगे हो गई। खेल के पहले 20 मिनट में बंगाल वॉरियर्स के कप्तान देवांक दलाल का भौकाल देखने को मिला और उन्होंने 15 अंक अर्जित किए। दूसरा हाफ शुरू होने के बाद पटना पायरेट्स ने एक बार फिर से 27-27 की बराबरी हासिल कर ली। पटना के लिए अयान ने अपना चौथा सुपर-10 पूरा कर लिया। उन्होंने अपनी अगली रेड में भी सुपर रेड लगाकर 35वें मिनट तक पटना पायरेट्स को बराबरी पर रोके रखा। मैच के 30वें मिनट तक भी दोनों ही टीमें लगभग बराबरी पर चल रही थी। लेकिन पटना के लिए मनिंदर सिंह ने सुपर रेड लगाकर अपने करियर का 80वां सुपर-10 पूरा कर लिया। 36वें मिनट में पटना ने देवांक को सुपर टैकल करके मैच में वापसी कर ली और स्कोर को 39-39 से बराबरी कर दी। बंगाल और पटना के बीच खेल के अंतिम मिनटों में कांटे की टक्कर देखने को मिली। बंगाल के लिए जहां डिफेंस अंक बटोर रहा था तो वहीं पटना के लिए अयान अंक लेकर आ रहे थे।

# मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई के नए अध्यक्ष

### जे एंड के के लिए अंडर-19, दिल्ली के लिए रणजी खेले; बोर्ड के पहले प्रेसिडेंट क्रिकेटर, जो इंटरनेशनल मैच नहीं खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉर्मर डोमेस्टिक क्रिकेटर मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए है। इसका ऐलान रविवार को मुंबई में बीसीसीआई ऑफिस में हुई एनुअल जरनल मीटिंग के बाद हुआ। वे इस पद पर निर्विरोध चुने गए। मन्हास बोर्ड के पहले ऐसे प्रेसिडेंट क्रिकेटर हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ङ्क पर पोस्ट कर मिथुन मन्हास को बधाई दी। उन्होंने लिखा- मिथुन मन्हास आधिकारिक रूप से बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए हैं। जे एंड के की अंडर-15 टीम में खेले मन्हास ने जम्मू कश्मीर से अंडर-15, अंडर-16 और अंडर-19 खेला। उन्होंने 3 साल जे एंड के के लिए अंडर-19 खेला। साल 1995 में उन्होंने लगभग 750 रन बनाए और देश के हाईएस्ट अंडर-19 स्कोरर बने। बाद में जे एंड के टीम के कैप्टन बने। इसी परफॉर्मेंस के चलते उनका सिलेक्शन नॉर्थ जोन के लिए हुआ। 12वीं की परीक्षा देने के बाद मन्हास कुछ महीनों के लिए पहली बार दिल्ली आए। तब उनकी उम्र 17 साल थे। यहां आकर उन्होंने दिल्ली के प्रीमियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और यहीं से खेलने लगे। उस दौर में दिल्ली की टीम में वीरेंद्र सहवाग और आशीष नेहरा जैसे दिग्गज खेलते थे। दिल्ली के टूर्नामेंट में अच्छा परफॉर्म करने के चलते उनका सिलेक्शन अंडर-19 नेशनल टीम में हुआ।



# उन्हें समझदारी से टूर्नामेंट चुनने होंगे, पीवी सिंधू को साइना नेहवाल की सलाह



**मुंबई, एजेंसी।** साइना नेहवाल की यह सलाह सिंधू के लिए आने वाले सीजन में अहम साबित हो सकती है। सही टूर्नामेंट चयन और बेहतर तैयारी से सिंधू फिर से अपने करियर के सुनहरे दिनों की तरह लगातार जीत दर्ज कर सकती हैं। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल का मानना है कि पीवी सिंधू को अब टूर्नामेंट चुनने में समझदारी दिखानी होगी। जैसे-जैसे सिंधू 30 की उम्र में पहुंच रही हैं, लगातार हर टूर्नामेंट खेलने का दबाव उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। साइना ने कहा, ऐसा नहीं है कि एक निश्चित उम्र के बाद आप अच्छा नहीं कर सकते। यह निश्चित रूप से संभव है, लेकिन आपको उन टूर्नामेंटों पर ध्यान देना होगा जिनमें आप अच्छा करना चाहते हैं।

### लगातार टूर्नामेंट खेलना मुश्किल



साइना का कहना है कि रैंकिंग बनाए रखने के लिए सभी टूर्नामेंट खेलना थकाऊ हो सकता है। उन्होंने कहा, आप सभी टूर्नामेंटों में अच्छा नहीं कर सकते क्योंकि यह मुश्किल होता है। इस उम्र में जब आप अपनी रैंकिंग बनाए रखने के लिए लगातार इतने सारे टूर्नामेंट खेल रहे होते हैं तो जाहिर है आपको एक निश्चित दौर तक तो पहुंचना ही होगा।

साइना का मानना है कि सिंधू को बड़े टूर्नामेंट जैसे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप जीतना चाहते हैं जैसे विश्व चैंपियनशिप या एशियाई चैंपियनशिप तो आपको उन टूर्नामेंटों में पूरी ताकत लगानी होगी।

# आईपीएल 2026: राजस्थान रॉयल्स ने फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक से नाता तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने लंबे समय से फील्डिंग कोच के रूप में काम कर रहे दिशांत याग्निक से नाता तोड़ लिया है। याग्निक से पहले आरआर और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के भी रास्ते अलग हो गए थे। टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम को अपनी कोचिंग में चैंपियन बनाने के बाद द्रविड़ आरआर के मुख्य कोच बने थे। माना जा रहा था कि आरआर के कोच के रूप में उनका कार्यकाल लंबा होगा, लेकिन हाल ही में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। राहुल की कोचिंग में आरआर का 2025 में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था और टीम में फूट की खबर भी आई थी। आरआर 2025 में लीग चरण के 14 मैचों में चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी। याग्निक अब आगामी घरेलू सत्र में जम्मू और कश्मीर टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में काम करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। पिछले सीजन में, वह कोचिंग स्टाफ के प्रमुख सदस्यों में से एक थे, जिसमें जम्मू और कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।



# हमारे पास विश्व कप जीत इतिहास रचने का मौका - हरमनप्रीत कौर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला वनडे विश्व कप का आगाज 30 सितंबर से हो रहा है। मैच भारत और श्रीलंका में खेले जाएंगे। मेजबान होने के नाते भारतीय टीम के पास विश्व कप जीतने का मौका है और इस बात को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी स्वीकार किया है।

प्रतियोगिता हमेशा की तरह कड़ी है, लेकिन टीम को अपने कौशल, तैयारियों और किसी भी चुनौती से पार पाने का भरोसा है। घरेलू और बाहरी मैदानों पर खेले गए हालिया नतीजे भी टीम के लिए उत्साहजनक रहे हैं। हम विश्व कप में इस लय को बरकरार रखने के लिए उत्सुक हैं। हरमनप्रीत ने लिखा, हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी बल्लेबाजी प्रतिभाएं टीम में मौजूद हैं। गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली है, जिसमें रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के साथ युवा और होनहार क्रांति गौड़, एन. श्री चरणी और राधा यादव भी हैं। इसके अलावा, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर जैसे तीन ऑलराउंडर भी हैं, जो खेल का रुख भारत के पक्ष में मोड़ सकते हैं। उन्होंने विश्व कप में भारतीय टीम के अभियान में सपोर्ट स्टाफ की भूमिका और फैंस के उत्साह और समर्थन को भी अहम बताया। भारतीय महिला टीम अब तक कोई भी आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। 2005 और 2017 में टीम फाइनल में पहुंची थी।

### कप्तानी करना सम्मान की बात

शनिवार को आईसीसी के एक कॉलम में हरमनप्रीत ने लिखा, घरेलू विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करना, एक बड़ा सम्मान है। हम ट्रॉफी जीतने की ख्वाहिश रखते हैं और इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से प्रेरित हैं। भारतीय कप्तान ने लिखा, विश्व कप की तैयारी का हमारा सफर समृद्ध रहा है। पिछले कुछ समय से टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इससे हमारे अंदर आईसीसी ट्रॉफी जीतने की ललक जगी है। हम बड़ी छलांग लगाना चाहते हैं और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतना चाहते हैं।

SAFF Under-v| Football:

# भारत ने सातवां सैफ अंडर-17 खिताब जीता, पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराया



**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4-1 से हराकर सातवां सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप खिताब जीता। भारत ने दल्लामुओन गंगटे (चौथे मिनट) और अजलान शाह केएच (38वें मिनट) के गोल की मदद से पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बनाई हुई थी लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी मिनट में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया जिससे शूटआउट से नतीजा निकला।

भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। इसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में डाला। वहीं बांग्लादेश की टीम दबाव में बिखर गई। उसके लिए केवल मोहम्मद माणिक ही गोल कर सके।

# नेपाल ने टी-20 में पहली बार वेस्टइंडीज को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शारजाह में खेले गए तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में नेपाल ने वेस्टइंडीज को 19 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। यह जीत नेपाल की किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ सभी फॉर्मेट में पहली जीत है। इससे पहले 2014 में नेपाल ने टी-20 में अफगानिस्तान को हराया था, लेकिन उस समय अफगानिस्तान एसोसिएट टीम थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ यह नेपाल का पहला टी-20 मैच और किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ उनकी पहली बाइलैट्रल सीरीज की शुरुआत थी।

नेपाल की खराब शुरुआत, लेकिन मजबूत वापसी टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट पर 148 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 8 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिर गया। कुशल भुर्तेल 6 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज आशिफ शेख भी सिर्फ 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीसरे विकेट के लिए कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 45 गेंदों पर 58 रन की अहम साझेदारी की। कुशल मल्ला ने 21 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 30 रन बनाए, जबकि रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली।

दीपेंद्र सिंह एरी ने 19 गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि नवीन बिदाईसी ने 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली।

### वेस्टइंडीज की फ्लॉप बल्लेबाजी

वेस्टइंडीज की फ्लॉप बल्लेबाजी नेपाल के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। नई टीम के साथ मैदान में उतरी विंडीज की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। उनकी टीम में चार नए खिलाड़ी शामिल थे। वेस्टइंडीज की ओर से नवीन बिदाईसी ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। अमीर जंगू और फेबियन एलन ने 19-19 रन जोड़े, जबकि कप्तान अकील हुसैन 18 रन बनाकर आउट हुए। अकीम ने 15 और केसी कार्टी ने 16 रन का योगदान दिया। नेपाल की ओर से कुशल भुर्तेल ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।



# सोने से पहले नाभि पर लगा लें ये तेल, चेहरे पर कभी नहीं दिखेगा बढ़ती उम्र का असर

खूबसूरत कौन नहीं दिखना चाहती? आजकल महिलाएं सुदर दिखने के लिए क्या कुछ नहीं करती हैं। आप भी अपनी सुंरदता को बरकरार रखना चाहती हैं तो महंगे प्रोडक्ट्स को छोड़ नाभि पर बस तिल का तेल लगाना शुरू कर दीजिए। नानी और दादी का ये नुस्खा कुदरती ग्लो लाने में बेहद ही असरदार है।

### तिल के तेल के फायदे

सोने से पहले हल्का गुनगुना तिल का तेल नाभि में लगाने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और इससे त्वचा पर प्राकृतिक ग्लो आता है। तिल का तेल मॉइस्चराइजिंग गुणों से भरपूर है। यह अंदर से स्किन को पोषण देता है और रूखापन खत्म करता है। इसके

नियमित प्रयोग से चेहरे के दाग-धब्बे, झाइयाँ और पिगमेंटेशन धीरे-धीरे हल्के होने लगते हैं।

### एंटी-एजिंग गुण

तिल के तेल में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा को झुर्रियों और समय से पहले बुढ़ापे के लक्षणों से बचाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार नाभि शरीर का केंद्र है। इसमें तेल लगाने से शरीर का वात-पित्त-कफ संतुलित रहता है, जिससे स्किन और हेल्थ दोनों पर असर पड़ता है।

### इस्तेमाल का तरीका

- रात को सोने से पहले तिल का तेल हल्का गुनगुना करें।
- 2-3 बूंद नाभि में डालें और हल्के हाथों से मसाज करें।
- नियमित करने पर 2-3 हफ्तों में फर्क दिखने लगता है।

# खाने का स्वाद दोगुना कर देगा आपका होममेड पेस्ट, घर पर बनाने का सीक्रेट तरीका जानें

वैसे तो मार्केट में अदरक-लहसुन का पेस्ट आसानी से मिल जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मार्केट के पेस्ट में कुछ मात्रा में केमिकल भी होते हैं। जोकि आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत ही नुकसानदायक होते हैं। इसलिए जो लोग ऑफिस वर्किंग हैं या फिर सप्ताह का सामान एक साथ मंगाकर रख लेते हैं। जिससे कि खाना जल्दी और आसानी से बन सके। ऐसे में आप भी अगर वर्किंग वूमेन हैं, तो आप भी यह पेस्ट घर पर बनाकर रख सकती हैं। इस पेस्ट को आप घर पर बनाती हैं, तो बिना किसी केमिकल और ऑर्गेनिक स्वाद के साथ सप्ताह भर के लिए स्टोर कर रख सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप इस पेस्ट को घर पर कैसे बना सकती हैं।

सामग्री - लहसुन- 400 ग्राम नमक स्वादानुसार खाने वाला तेल- 5-6 चम्मच

जानिए बनाने की विधि - अगर आप भी ऑर्गेनिक तरीके से घर पर आसानी से अदरक-लहसुन का पेस्ट बनाना चाहती हैं। तो इसके लिए आपका थोड़ा सा समय और कुछ सामग्री की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए सबसे पहले 400 ग्राम लहसुन को मिक्सी में हल्का दरदरा पीस लें। अब उसी जार में 300-350 ग्राम अदरक भी डालकर पीस लें। फिर 5-6 चम्मच तेल और स्वादानुसार नमक डाल लें। अब इन सब चीजों को अच्छे से मिला लें। इस आसान तरीके से घर पर ही ऑर्गेनिक अदरक-लहसुन पेस्ट रेडी तैयार हो जाएगा।



# सबुह उठते ही हाथ-पैर सुन्न होने के पीछे बड़ी हैल्थ प्रॉब्लम

**सर्दी आते ही बहुत से लोगों के हाथ-पैर सुन्न होने शुरू हो जाते हैं जिसे अक्सर ही आम सी समस्या समझ लिया जाता है, वैसे कभी-कभार ऐसा हो तो घबराने वाली कोई बात नहीं है लेकिन अगर यह समस्या बार-बार हो रही तो इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि सर्दी में हाथ-पैर सुन्न होने का सबसे बड़ा कारण ब्लड वेसल्स यानि रक्त वाहिनियों का संकुचित होना है क्योंकि सर्दी में दिल पर जोर पड़ता है जिससे रक्त वाहिनियां संकुचित होने लगती है और बॉडी के सभी अंगों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है जब अंगों तक ब्लड सर्कुलेशन सही से नहीं होता तो बॉडी पार्ट्स सुन्न होने लगते हैं। अगर ये सुन्न पन ठंड के चलते होता है तो आपको कुछ उपाय बताते हैं जिससे आपकी ये समस्या तुरंत दूर हो जाएगी लेकिन अंगों के सुन्नपन होने की वजह एनीमिया यानि खून की कमी, नसों में ब्लाकेज भी हो सकता है। अगर ऐसा है तो ध्यान देने की जरूरत रहती है। वहीं उम्रदराज लोगों को भी यह समस्या आम ही रहती है क्योंकि उनके शरीर में रक्त संचार सही से नहीं हो पाता।**

### हाथ पैर सुन्न होने का कारण क्या है?

खून की कमी (एनीमिया)- अगर शरीर में खून की कमी है तो उससे भी हाथ-पैर सुन्न होने की दिक्कत हो सकती हैं। खून का दौरा होने पर सारे अंग एक्टिव रहते हैं लेकिन जब खून की कमी होती है तो ब्लड सर्कुलेशन में भी दिक्कत आती है जिससे अंग सुन्न होने लगते हैं।

### नसों में दवाब के चलते सुन्न होना

सोते समय नसें दबने से भी हाथ-पैर सुन्न हो सकते हैं। कुछ लोगों के हाथ सोते समय सो जाते हैं जिसे हाथ पर गुदगुदी और चींटियां काटना भी कह देते हैं। गर्दन या रीढ़ की नसों पर दबाव पड़ने से भी यह समस्या हो सकती है। गठिया, चोट या लंबे समय तक गलत पोजीशन में बैठने के कारण भी नसों पर दबाव बढ़ता है जिससे अंग खासकर हाथ पैर सुन्न होने लगते हैं। अगर समस्या लगातार बनी रहती है, तो डॉक्टर से सलाह लें।

विटामिन बी की कमी- शरीर में विटामिन बी की कमी से सुन्नता या झुनझुनी हो सकती है। विटामिन बी की कमी को पूरा करने के लिए, अपनी डाइट में केले, पालक, मछली, डेयरी उत्पाद, और अंकुरित अनाज शामिल करें।

डायबिटीज- डायबिटीज से पीड़ित लोगों में अक्सर हाथ-पैरों में सुन्नता और झुनझुनी की समस्या होती है। अगर ये डायबिटीज के चलते हो तो डाक्टरी सलाह जरूर लेते रहना चाहिए।

कार्पल टनल सिंड्रोम- यह सिंड्रोम उन लोगों में आम है जो लंबे समय तक की-बोर्ड पर टाइप करते हैं या किसी मशीन पर काम करते हैं। उन्हें हाथ-पैर सुन्न होने की दिक्कत रहती है।

दवाओं के साइड इफेक्ट्स- हाथ पैर सुन्न होने की वजह किसी दवाई का साइड इफेक्ट भी हो सकता है। इसे कम करने के लिए डॉक्टरी मदद लें क्योंकि ज्यादातर मामलों में, दवा बंद करने या कम करने से सुन्नता कम करने में मदद मिल सकती है।

ऑटोइम्यून डिजीज- ल्यूपस और गठिया रोगियों में भी हाथ-पैर सुन्न होने की समस्या देखी जाती है।

शराब और धूम्रपान- जो लोग बहुत अधिक एल्कोहल और धूमपान का सेवन करते हैं उनकी नसों को भी नुकसान पहुंच सकता है और पैर और हाथ सुन्न रह सकते हैं।

हाथ पैर सुन्न होने का घरेलू इलाज

अगर हाथ पैर सर्दी में ब्लड फ्लो कम होने के चलते हो रहे हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे सबसे फायदेमंद है और इसका आपके शरीर को किसी तरह का नुकसान नहीं है।

## ये देसी नुस्खे जरूर करें



### हाथों-पैरों की गर्म तेल से मसाज

सुन्नपन को दूर करने का बेस्ट तरीका मालिश है। इससे ब्लड सर्कुलेशन सही हो जाती है। जैतून, नारियल, तिल या सरसों का तेल, इसमें से आप कोई भी तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। बस इसे हल्का गर्म करें और फिर अच्छे से हाथ पैर व शरीर के जरूरी अंगों की मसाज करें, जहां आपको सुन्नपन महसूस होता है। तिल के तेल को गर्म ना करें।

### गर्म पानी से सिंकाई

ब्लड सर्कुलेशन सही करने के लिए गर्म पानी की सिंकाई भी बेस्ट है। इससे मांसपेशियों और नसों को आराम मिलता है। आप गर्म पानी बोतल या फिर हीट बैग का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### डाइट में विटामिन जरूर लें

आपकी डाइट का भी इसमें अहम रोल हैं। विटामिन बी, बी6 और बी12 लें। दूध,पनीर दही मेवा केला बींस ओटमील आदि लें। आप डाक्टरी सलाह से कोई सप्लीमेंट भी शुरू कर सकते हैं।

### हल्दी वाला दूध

सर्दी के मौसम में हल्दी वाला दूध जरूर लें। हल्दी, ब्लड सर्कुलेशन को सही रखने में बेहद मददगार होती है और साथ ही शरीर में दर्द और सूजन से भी आराम मिलता है। इसलिए सब्जी के रूप में या दूध में डालकर इसका सेवन जरूर करें।

### एक्सरसाइज बहुत जरूरी

फिजिकल एक्टिविटी बहुत जरूरी है। सर्दी में लोग एक्सरसाइज कम करते हैं लेकिन ब्लड सर्कुलेशन सही करने के लिए हलकी फुल्की एक्सरसाइज, सैर व योग करते रहें।

### हाथ-पैर सुन्न हो तो क्या खाना चाहिए?

हाथ-पैर सुन्न होने का एक कारण एनीमिया भी है। अगर शरीर में खून की कमी है तो भी हाथ पैरों में झुनझुनाहट रहती हैं इसलिए डाइट में आयरन कैल्शियम भरपूर लें। खून बनाने वाले आहार जैसे गाजर सेब, अनार, चकुंदर खाएं। सुखे मेवे में अंजीर, बादाम, अखरोट, किशमिश खाएं।

एंटी इन्फ्लामेट्री गुणों से भरपूर शहद भी ब्लड फ्लो को ठीक करने में मदद करता है। 1 चम्मच दालचीनी पाउडर में 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसे खाने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह होगा। नियमित रूप से हल्दी वाला दूध, दालचीनी की चाय पीने से भी धीरे-धीरे सुन्नपन की समस्या खत्म हो सकती है।

धूम्रपान करने से पेरिफेरल आर्टरी डिसीज होता है जिससे पैरों में सही से ब्लड सर्कुलेशन सही से हो नहीं पाता। नसों में ब्लॉकेज आने लगती हैं। नस ब्लॉकेज होने पर भी हाथ-पैर सुन्न होने लगते हैं इसलिए धूम्रपान से दूर रहें।

लहसुन-अदरक का सेवन अधिक करें इससे नसों की अंदरूनी सफाई होती रहती है। गर्म पानी, ग्रीन टी, तुलसी-दालचीनी का काढ़ा आदि पीएं। इससे भी नसों की सफाई होती रहती हैं और अंदरूनी गर्माहट बनी रहती हैं।

नसों में ब्लॉकेज की समस्या है तो लहसुन वाला दूध पीएं। दूध और लहसुन आपकी शरीर की सारी बंद नसें खूल देंगी। दर्द से राहत मिलेगी और गर्माहट भी। बस एक गिलास दूध में 3 लहसुन की कलियां उबालें और पी लें।

# 14 दिन तक रोजाना खाली पेट पिएं लौंग का पानी, इन 5 बीमारियों से मिलेगा छुटकारा

**क्या आप जानते हैं कि अगर आप 14 दिनों तक रोज सुबह खाली पेट लौंग का पानी पिएंगे, तो इसका आपके शरीर पर बहुत अच्छा असर होगा? यह न सिर्फ आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करेगा, बल्कि कई तरह की बीमारियों से भी बचाएगा। आइए जानते हैं कि लौंग का पानी कैसे बनाना है, कब पीना है और इसके क्या-क्या फायदे होते हैं।**



### लौंग क्या है और इसमें क्या खास है?

लौंग एक ऐसा मसाला है जो हर रसोई में आसानी से मिल जाता है। इसका इस्तेमाल हम खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए करते हैं, लेकिन इसमें कई औषधीय गुण भी होते हैं। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं। अगर आप लगातार 14 दिनों तक रोज सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीते हैं, तो इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है, पेट के कीड़े खत्म होते हैं और शरीर में कई तरह के पॉजिटिव बदलाव दिखाई देते हैं।

### लौंग का पानी पीने के 5 जबरदस्त फायदे

### फेफड़ों की सफाई

आजकल की लाइफस्टाइल और बढ़ते पॉल्यूशन के कारण हमारे फेफड़ों में धूल, धुआं और हानिकारक केमिकल्स जमा हो जाते हैं। खासतौर पर जो लोग शहरों में रहते हैं या धूम्रपान करते हैं, उनके फेफड़ों पर इसका बुरा असर होता है। रोज सुबह खाली पेट गुनगुना लौंग का पानी पीने से फेफड़ों की अंदरूनी सफाई होती है। लौंग में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण फेफड़ों में जमा गंदगी को धीरे-धीरे बाहर निकालते हैं। इससे सांस लेने में आसानी होती है और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है।

### चेहरे पर निखार

त्वचा की चमक हमारे शरीर की आंतरिक सफाई पर निर्भर करती है। जब शरीर में विषैले तत्व (टॉक्सिन्स) जमा हो जाते हैं तो इसका सीधा असर स्किन पर दिखता है - जैसे कि मुंहासे, रैशेज, दाग-धब्बे आदि। लौंग का पानी शरीर को अंदर से डिटॉक्स करता है। इसके नियमित सेवन से खून साफ होता है, जिससे त्वचा पर प्राकृतिक निखार आता है। जिन लोगों की स्किन ऑयली है या बार-बार पिंपल्स होते हैं, उनके लिए यह एक बेहद असरदार घरेलू उपाय है। इसके अलावा स्किन एलर्जी में भी राहत मिलती है।

### लिवर मजबूत होता है

लिवर शरीर का एक बहुत ही जरूरी अंग है, जो खून की सफाई करता है और पाचन में भी मदद करता है। लेकिन जंक फूड, ऑयली खाना, शराब और धूम्रपान जैसी आदतें लिवर को कमजोर कर देती हैं। लौंग में मौजूद शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स और युजेनॉल नामक तत्व लिवर की कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं और उसे डिटॉक्स करते हैं। यह लिवर को स्वस्थ रखने में मदद करता है और फैटी लिवर या लिवर इंफेक्शन जैसी समस्याओं के खतरे को कम करता है। अगर आप अक्सर बाहर का खाना खाते हैं, तो लौंग का पानी आपके लिवर के लिए एक नेचुरल टॉनिक की तरह काम करेगा।

### तनाव कम होता है

भागदौड़ भरी जिंदगी, नींद की कमी, और अनियमित दिनचर्या मानसिक तनाव का कारण बनती है। तनाव न केवल मन को कमजोर करता है बल्कि शरीर को भी प्रभावित करता है। लौंग में प्राकृतिक रूप से मौजूद कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो मस्तिष्क की नसों को शांत करते हैं। खासकर युजेनॉल तत्व न्यूरोट्रांसमिटर्स को संतुलित करता है, जिससे मानसिक शांति मिलती है। लौंग का पानी पीने से मन हल्का लगता है, चिड़चिड़ापन कम होता है और मूड अच्छा रहता है। इसे दिन की शुरुआत में लेने से दिनभर ऊर्जा और पॉजिटिव फीलिंग बनी रहती है।

### नींद अच्छी आती है


आज के समय में नींद न आना (इंसोम्निया) एक आम समस्या बन चुकी है, खासकर युवाओं और कामकाजी लोगों में। इसके पीछे तनाव, मोबाइल/स्क्रीन टाइम और हार्मोनल असंतुलन मुख्य कारण होते हैं। लौंग में पाया जाने वाला सिडाटिन नामक तत्व नींद लाने वाले हार्मोन मेलाटोनिन के स्तर को संतुलित करता है। इससे दिमाग को आराम मिलता है और नींद जल्दी और गहरी आती है। जो लोग रात में करवटें बदलते रहते हैं या नींद पूरी नहीं हो पाती, उनके लिए लौंग का पानी एक असरदार घरेलू उपाय साबित हो सकता है।





# इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड में नॉमिनेट हुए दिलजीत दोसांझ

## इम्तियाज अली को दिया क्रेडिट



सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ को फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का नॉमिनेशन मिला है। एमी नॉमिनेशन की अनाउंसमेंट गुरुवार को हुई है, जिसमें अमर सिंह चमकीला को दो नॉमिनेशन मिले हैं। दिलजीत दोसांझ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से नॉमिनेशन मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा है, ये सब इम्तियाज अली की बदौलत हुआ।

### इन इंटरनेशनल सेलेब्स से कंपीट करेंगे दिलजीत दोसांझ

इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में बेस्ट परफॉर्मर बाय अन एक्टर की कैटेगरी में दिलजीत दोसांझ को चमकीला के लिए, डेविड मिशेल को इन लूडविग, ओरियल प्ला को फिल्म न यो, एडिक्टो, डिएगो वासक्वेज को फिल्म इन वन हंड्रेड एयर ऑफ सोलीट्यूड के लिए नॉमिनेशन मिला है। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा स्टारर फिल्म अमर सिंह चमकीला को बेस्ट टीवी मूवी/ मिनी सीरीज कैटेगरी में भी नॉमिनेशन मिला है। इसके साथ जर्मनी से हेरहोसन : द बैंकर एंड द बॉम्ब, यूनाइटेड किंगडम से लॉस्ट बॉय्ज एंड फैरीज और चिली से वेंसर ए मोरिर भी नॉमिनेटेड हैं। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड 2024 का आयोजन 24 नवंबर को न्यूयॉर्क में होगा, जहां सभी विजेताओं की अनाउंसमेंट होगी। दिलजीत दोसांझ को पहली बार इंटरनेशनल लेवल पर नॉमिनेशन मिला है। सभी नॉमिनीज की अनाउंसमेंट 25 सितंबर को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंस द्वारा की गई है।



# ध्वनि भानुशाली ने बताया कैसे बनी रहती हैं सकारात्मक

इंडियन पॉप सिंगर और एक्ट्रेस ध्वनि भानुशाली आलोचनाओं के बावजूद खुद को मजबूत बनाए रखती हैं। बातचीत में ध्वनि ने बताया कि उन्होंने अपने भीतर की रोशनी से डर और मुश्किलों को कैसे हराया।

### नवरात्रि हमेशा से मेरे लिए खास रही है

'यही एहसास मुझे नवरात्रि के वक्त भी होता है। नवरात्रि हमेशा से मेरे लिए खास रही है। मैंने कभी नवरात्रि का कॉन्सर्ट नहीं किया, लेकिन गरबा कई बार खेला है। भीड़ के साथ नाचते हुए जो खुशी और एनर्जी मिलती है, वह किसी जादू से कम नहीं। इस बार मैं चाहती हूं कि स्टेज से ही पूरा उत्सव महसूस करूं और सभी के साथ वो खुशी बाटूं।'

### हर कमेंट और राय से प्रभावित हो जाती थी

'करियर की शुरुआत में मैं हर कमेंट और राय से प्रभावित हो जाती थी। यह मेरी एनर्जी छीन लेती थी। लगता था कि हर किसी की उम्मीद पर खरा उतरना है। लेकिन धीरे-धीरे समझ आया कि मेरी ताकत कीमती है। इसे सही जगह लगाना जरूरी है - अपने गानों, कॉन्सर्ट्स और अपनी खुशी में। वही ताकत, जो पहले मुझे कमजोर करती थी, अब मेरी मजबूती बन गई है। अब तो सोचती हूं, ट्रोलिंग ही सही, कम से कम लोग मेरा नाम तो ले रहे हैं।'

### निडर होने का मतलब है अपनी रोशनी चमकने देना

'मेरे लिए निडर होने का मतलब है कि अपनी रोशनी को चमकने दो, चाहे सामने कितनी भी मुश्किलें हों। हर दिन खुद से कहती हूं- आगे बढ़ो, अपनी राह रोशन करो और अपने सपनों की ओर चलो। यही तरीका है जिंदगी को खुश रखने का। मैंने यह भी सीखा है कि कभी-कभी छोटी-सी हिम्मत कुछ बोलना, किसी फैसले पर टिके रहना या रिस्क लेना, पूरा दिन बदल सकती है। हमारी सकारात्मकता दूसरों तक पहुंच सकती है और जिंदगी में जादू ला सकती है।'

संगीत ही रोशनी फैलाने का मेरा जरिया है

'जब मैं परफॉर्म करती हूं तो खुद को सबसे ज्यादा जिंदा महसूस करती हूं। हर शो मेरे लिए पॉजिटिविटी और खुशी फैलाने का मौका है। मेरे लिए संगीत ही वह जरिया है, जिससे रोशनी सब तक पहुंचती है।'

### इस नवरात्रि मैं नतीजों की चिंता छोड़ना चाहती हूं

'इस नवरात्रि मैं नतीजों की चिंता छोड़ना चाहती हूं। असली खुशी तो उसी प्रक्रिया में है, जब आप अपनी एनर्जी और रोशनी दूसरों से शेयर करते हो और हर दिन को रोशन बनाते हो।'

### फैंस के लिए संदेश

'मजबूत रहो, निडर रहो और हमेशा चमकते रहो। हर पल का जश्न मनाओ, अपनी अंदर की रोशनी को फैलाओ और जिंदगी का पूरा मजा लो। हमारी पॉजिटिविटी ही सबसे बड़ी ताकत है। इसे सही जगह इस्तेमाल करो, सब कुछ बदल जाएगा।'



# श्रुति हासन ने गायिकी के प्रति जताया प्यार

अभिनेत्री श्रुति हासन ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को अपनी गायिकी से हैरान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी संगीतमय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वीडियो में श्रुति पियानो की धुनों के साथ वह अपनी मधुर आवाज में गाना बड़े मन से गा रही हैं। इस वीडियो ने उनके प्रशंसकों का दिल जीत लिया और उनकी बहुआयामी प्रतिभा को एक बार फिर उजागर किया। श्रुति ने वीडियो के साथ एक भावुक कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने लिखा, काफी समय हो गया है कोई नया गाना लिखे। सच कहूं तो, मैं लिख नहीं पा रही हूं। यह कभी परफेक्शन की खोज के बारे में नहीं था। जब दिल से भावनाएं निकलती हैं, तो सही समय पर सबकुछ अपने आप सिखा देती हैं। बस वही होना चाहिए जो मैं हूं और वहीं रहना चाहिए जहां मुझे होना चाहिए। श्रुति हासन न केवल अपनी अभिनय कला के लिए जानी जाती हैं, बल्कि संगीत के क्षेत्र में भी उनकी गहरी रुचि रही है। उन्होंने अपनी आवाज में कई गाने भी गाए हैं और संगीत रचना में भी योगदान दिया है सोशल मीडिया पर उनके इस पोस्ट को खूब सराहना मिल रही है और प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में बहुचर्चित फिल्म कुली में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने प्रीति राजशेखर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके साथ सुपरस्टार रजनीकांत, तेलुगु सिनेमा के दिग्गज नागार्जुन अक्किनेनी, मलयालम एक्टर सौबिन शाहिर, और बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भी नजर आए थे।



# टॉम क्रूज के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं अमीषा

अमीषा पटेल ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'कहो न प्यार है' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। अपनी पहली पहली ही फिल्म से अमीषा इंडस्ट्री की नई सनसनी बन गई थीं। उनकी खूबसूरती की काफी चर्चा थी। अब अमीषा 50 साल की हो चुकी हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। अब अमीषा ने अपने क्रश के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज पर जबरदस्त क्रश है। एक्ट्रेस ने यहां तक कहा कि वो उनके साथ कुछ भी करने को तैयार हैं।

बातचीत के दौरान अमीषा पटेल ने अपने सेलिब्रिटी क्रश को लेकर बात की। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे टॉम क्रूज पर क्रश है। अगर आप उनके साथ कोई पॉडकास्ट कर सकते हैं, तो प्लीज मुझे भी उस पॉडकास्ट में बुलाएं। मुझे बचपन से ही टॉम क्रूज पसंद हैं। मेरे पेंसिल बॉक्स में, मेरी फाइलों में उनकी तस्वीर लगी रहती थी और मेरे कमरे में सिर्फ टॉम क्रूज के ही पोस्टर होते थे। वो हमेशा से मेरा क्रश रहे हैं। मैं हमेशा मजाक में कहती हूं कि वो इकलौते ऐसे इंसान हैं जिनके लिए मैं अपने उसूलों को ताक पर रख सकती हूं। मैं उनके लिए कुछ भी कर सकती हूं। अगर आप मुझसे पूछें कि क्या तुम उनके साथ वन नाइट स्टैंड के लिए तैयार हो, तो हां मैं वो भी कर सकती हूं।

### 'गदर 2' में नजर आई थीं अमीषा

वर्कफ्रंट की बात करें तो अमीषा पटेल आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'गदर 2' में नजर आई थीं। इस फिल्म में वो सनी देओल के साथ सकीना के किरदार में दिखाई दी थीं। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमीषा और सनी के अलावा उत्कर्ष शर्मा और सिम्रत कौर रंधावा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

### शादी के लिए तैयार हैं अमीषा, योग्य व्यक्ति की है तलाश

अमीषा ने यहां तक कहा कि अगर मुझे मौका मिलता तो मैं उनसे शादी कर लेतीं। इस दौरान अमीषा ने आगे कहा कि मैं शादी के लिए पूरी तरह तैयार हूं, बशर्ते मुझे कोई योग्य व्यक्ति मिले। कहते हैं न जहां चाह, वहां राह, इसलिए जो व्यक्ति मुझे हर मुश्किल से पार पा ले और मौके पर चौका मारले, वही मेरा साथी होगा। मुझे आज भी कई अच्छे परिवारों से तरह-तरह के प्रस्ताव मिलते रहते हैं। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब अमीषा ने टॉम क्रूज के लिए अपना प्यार दिखाया हो। इससे पहले भी कई मौकों पर वो दिल खोलकर टॉम क्रूज की तारीफ कर चुकी हैं।

# सर्च- द नैना मर्डर केस: कॉलेज गर्ल की डेथ मिस्ट्री में उलझा कोंकणा का किरदार

कोंकणा सेन शर्मा संजीदा किरदारों को बखूबी निभाना जानती हैं। हाल ही में उनकी एक अपकमिंग सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' का ट्रेलर रिलीज हुआ। जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, जो एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश कर रही है। सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' के ट्रेलर में कोंकणा सेन शर्मा एक पुलिस ऑफिस के रोल में हैं। वह एक कॉलेज गर्ल की मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व करने की कोशिश में लगी हैं। इस राह में उसके सामने कई चुनौतियां हैं। कई लोग शक के घेरे में हैं। इस सीरीज में एक तरफ मर्डर मिस्ट्री को दिखा गया है। साथ ही केस को सॉल्व करने के दौरान कोंकणा सेन का किरदार डिजिटल दुनिया के खतरों से भी वाकिफ होता है। इस सीरीज में सोशल मीडिया के स्याह पक्ष को दिखाने की कोशिश की गई, जिसके जाल में यंगस्टर बुरी तरह फंस जाते हैं। कोंकणा सेन स्टारर इस सीरीज की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ ही शेयर की है। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर 10 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। यह सीरीज रोहन सिप्पी ने डायरेक्ट की है।






# मैं कोई भी पुराना प्रोसेस अगली फिल्म में रिपीट नहीं करता

एक्टर दीपक डोबरियाल इस वक्त फिल्म 'जुगनुमा' में नजर आ रहे हैं। पहाड़ों की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म की हर जगह तारीफ हो रही है। साथ ही, फिल्म से जुड़े एक्टर्स की भी सराहना हो रही है। सीरियस रोल हो या कॉमेडी दीपक हर किरदार में अपनी छाप छोड़ते हैं। 'जुगनुमा' में भी उनके किरदार को सराहा जा रहा है।

**'जुगनुमा' से आपने जुड़ने का फैसला क्यों किया? स्क्रिप्ट में क्या पसंद आया?**

मुझे 'जुगनुमा' की हर बात पसंद है। इस फिल्म के बनने का प्रोसेस, डायरेक्शन सब कुछ बढ़िया था। आपने इतना कन्विक्शन के साथ डायरेक्शन नहीं देखा होगा, जहां पर कैनवास एक पूरा पैराग्राफ, डायलॉग या मोनोलॉग बोलने जितना जरूरी है। एक शॉट की ब्यूटी को लेकर जो कमिटमेंट था। इस फिल्म में विजुअल बहुत बड़ा डायलॉग है क्योंकि वो नेचर को कमिटमेंट करते हुए दिखाया




जा रहा है। इसके अलावा बिना बैकग्राउंड स्कोर की फिल्म है। आपने इस तरह की फिल्म नहीं देखी होगी, तो माइंड सेट टूटता है।

**आपके किरदार दर्शकों के जेहन में रह जाते हैं। उनमें पर खूब मीम्स भी बनते हैं। किसी भी किरदार को निभाने का क्या प्रोसेस रहता है?**

हर फिल्म के लिए प्रोसेस अलग होता है। जैसे मेरी हालिया रिलीज फिल्म 'जुगनुमा' में कहानी और डायरेक्शन आपको कहां ले जा रही है। आपको इस हिसाब चलना होता है और खुद को ढालना होता है। अलग-अलग फिल्म में अलग माइंड सेट होता है। कोई भी पुराना प्रोसेस अगली फिल्म में काम नहीं आता है। मैं खुद प्रोसेस रिपीट नहीं करता हूं क्योंकि तभी किरदार में नयापन आ पाएगा। आप कहानी, डायरेक्टर या सीन के हिसाब से भांप लेते हो कि कहानी किस डायरेक्शन में जा रही है।

**आपको अपनी फिल्मों का कौन सा किरदार सबसे चैलेंजिंग लगा है?**

मैं तो कहूंगा सभी रोल चैलेंजिंग थे। जैसे 'तनु वेड्स मनु' के मेरे किरदार के बारे में मेरे दोस्त की राय है कि मैं पप्पी का किरदार को चलते-चलते भी निभा सकता हूं। वो मुझसे कहते हैं कि 10 मिनट में तू 15 तनु वेड्स मनु का रोल कर देगा। लेकिन ऐसा नहीं है। उसमें मैंने आवाज बहुत पतली रखी थी। मेरी आवाज बहुत ज्यादा आर्टिफिशियल थी। उस किरदार में था कि एक आदमी है, जो बातूनी है। सुबह से रात तक बात करता है और उसकी आवाज में पतलापन है। मैंने इस किरदार के लिए कई सारे एक्सपेरिमेंट भी किए थे। सभी किरदार मुश्किल होते हैं, बस बात इतनी है कि उस किरदार को ऑडियंस कितनी मिलती है।

**'जुगनुमा' के बाद आपके फैंस आपको किसी प्रोजेक्ट में देख पाएंगे?**

मैं अपने फैंस से कहूंगा कि पहले वो 'जुगनुमा' देखें। ये बहुत प्यारी फिल्म है। आपको एक अलग तर्जुबा मिलेगा। फिल्म एक अलग दुनिया, एक अलग कैनवास, अलग डायरेक्शन, अलग फिलॉसफी और भी कई एलिमेंट को छूती है। पहाड़ों पर बहुत कम फिल्में बनी हैं। पहाड़ों पर फिल्म बनाने का प्रोसेस काफी मुश्किल होता है। इस फिल्म को बनाने में चार-पांच साल का समय लगा है। कभी कोविड, कभी बारिश तो कभी परमिशन नहीं मिलना, देरी की वजह बना। काफी चुनौतियों के बाद ये फिल्म थिएटर तक पहुंची है। अमूमन मैं किसी फिल्म के लिए नहीं बोलता हूं लेकिन 'जुगनुमा' के लिए बोल रहा हूं। जो भी सिनेमा लवर हैं, कुछ अच्छा होते हुए देखना चाहते हैं तो वो प्लीज इस फिल्म को जरूर देखेंगे।

### आपके लिए सफलता के क्या मायने हैं?

मैं अगले रोल के लिए फिर से उत्साहित हो पाऊं, मेरे लिए ये सफलता है। अगले रोल के लिए मैं बच्चा बन पाऊं, जीरो से शुरू कर पाऊं, ये सफलता है। मैं अपनी मासूमियत बचकर रख पाऊं, ये सफलता है।

# आईटीआई व यूपीएसडीएम के सेक्टरवार पवेलियन को मिला दूसरा स्थान




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो 2025 के तृतीय संस्करण में उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग को उनके सेक्टरवार पवेलियन स्टॉल प्रदर्शन में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान तथा मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विभागीय अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किया।

प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग की ओर से सेक्टरवार स्टॉल लगाए गए थे। इनमें आधुनिक और परंपरागत दोनों तरह की तकनीकों एवं उत्पादों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें Telecom and related Technologies – आधुनिक तकनीकों का उपयोग और स्किलिंग (जिला- कानपुर नगर, संस्था- Telecom SSC) Sports Goods – क्रिकेट बॉल निर्माण में स्किलिंग (जिला मेरठ, संस्था Monash International Ltd.) Drone Technology – ड्रोन निर्माण, मरम्मत एवं उन्नत उपयोग की स्किलिंग (जिला गाज़ियाबाद, संस्था Advect Skills Pvt. Ltd.) Handicraft Products – ब्लैक पॉटरी (ODOP) में स्किलिंग (जिला: आज़मगढ़, संस्था AISECT) Robotics – रोबोटिक्स मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस स्किलिंग (जिला: नोएडा, संस्था ACTTS Infotech Services Pvt. Ltd.) Wooden Craft – वुडवर्क और पारंपरिक कला में स्किलिंग (जिला: सहारनपुर, संस्था- साह सहयोग सेवा समिति) Plastics – 3-डायमेंशनल डिजाइनिंग एवं प्लास्टिक उत्पाद निर्माण की स्किलिंग (जिला- लखनऊ, संस्था CIPET) Hand Embroidery – धार्मिक कार्यों हेतु हस्तशिल्प कढ़ाई में स्किलिंग (जिला : मथुरा, संस्था Khajani Welfare Society) Healthcare – हेल्थकेयर सेक्टर में स्किलिंग (जिला- वाराणसी, संस्था Apollo Medskills Ltd.) Modern Apparel – आधुनिक परिधान निर्माण क्षेत्र में स्किलिंग (जिला- हापुड़, संस्था- Grayyo Pvt. Ltd.) है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विभागीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं को कौशलयुक्त बनाकर उन्हें रोजगार एवं उद्यमशीलता से जोड़ने की दिशा में उठाए गए कदमों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में विभाग की उपलब्धियों को प्रदर्शित करना, प्रदेश की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ करता है।

प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे तथा निदेशक अभिषेक सिंह के निर्देशन एवं सक्रिय मार्गदर्शन में इस पवेलियन की परिकल्पना और प्रस्तुति को आकार दिया गया। विभागीय अधिकारियों और प्रशिक्षकों की टीम ने सामूहिक रूप से यह सफलता अर्जित की है।

# राम-भरत मिलाप का मंचन



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-12 स्थित बजरंग रामलीला संचालिका समिति द्वारा आयोजित लीला में भरत और शत्रुघ्न का नंनिहाल से अयोध्या आना, कैकयी-भरत संवाद, भरत का राम से मिलने चित्रकूट जाना, राम-भरत मिलाप, भरत का राम की खंडाऊ लेकर अयोध्या आना, सूर्पनखा की लक्ष्मण द्वारा नाक काटने, खर-दूषण वध तक की लीला का मंचन किया गया।

भरत-कैकेई के संवाद पर उपस्थित दर्शकों द्वारा तालियां बजाकर भरत के नारे भी लगाए। रामलीला के कलाकारों द्वारा मनोहारी मंचन से उपस्थित लोग मंत्र मुक्त हो गए।

इस अवसर पर नवीन पोरवाल, शैलेन्द्र वर्णवाल, विकास तिवारी, अमन चौहान, डॉ शैलेन्द्र पोरवाल, निशांत गर्ग, कपिल तनेजा, सुरेन्द्र गर्ग आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर आरती की।

# रोटरी क्लब नोएडा ने शुरू किया 200 कैटरेक्ट सर्जरी प्रोजेक्ट

**नोएडा (चेतना मंच)।** रोटरी क्लब ऑफ नोएडा ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक पहल करते हुए कैटरेक्ट सर्जरी प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस परियोजना का उद्घाटन क्लब की अध्यक्ष अंशु अग्रवाल ने DG Amita Mohindru and all dignitaries ke sath दीप प्रज्वलन कर किया।



रोटरी क्लब ऑफ नोएडा के निदेशक जनसंपर्क त्रिलोक शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमिता मोहिंद्रू उपस्थित रहीं। मंच पर उनके साथ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी आशा वालिया, डिस्ट्रिक्ट RAR राम गोबर, और असिस्टेंट गवर्नर विजयमाल पानी भी मौजूद रहे। क्लब के वरिष्ठ सदस्यों व सभी रोटेरियन ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की।

इस प्रोजेक्ट के तहत आने वाले चार महीनों में कुल 200 कैटरेक्ट सर्जरी निशुल्क की जाएँगी। यह शल्यक्रियाएँ तिरुपति आई सेंटर में, डॉ. मोहिता और उनकी टीम के सहयोग से की जाएगी।

क्लब अध्यक्ष अंशु अग्रवाल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट हमारी उस सोच का प्रतीक है जिसके तहत रोटरी क्लब समाज के ज़रूरतमंद वर्ग तक रोशनी और आशा पहुँचाने का कार्य करता है। 200 सर्जरी के माध्यम से हम उन लोगों की जिंदगी बदल पाएँगे जिनकी दृष्टि धुंधली हो चुकी थी।

मुख्य अतिथि डिजी अमिता मोहिंद्रू ने इस प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कहा कि नोएडा क्लब की यह पहल पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। यह कार्य समाज सेवा के असली मायने को सामने लाता है।

# अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल चैम्पियनशिप में एमएमएच पब्लिक स्कूल ने गाडे झंडे



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** एम.एच. पब्लिक स्कूल बादलपुर की वालीबॉल टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में सीबीएसई ने अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न देशों समेत 100 वालीबॉल टीमों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन सीबीएसई द्वारा उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जनपद स्थित डॉ किरण सौजिया सीनियर सेकेंडरी एजुकेशन अकादमी में आयोजित किया गया।

एम.एच. पब्लिक स्कूल के प्रबंधक संजय गोयल ने बताया कि सीबीएसई द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जनपद में चली चैम्पियनशिप में ईरान, इराक, अफगानिस्तान, कुवैत, रूस व कतर समेत 100 टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें एम.एच.पब्लिक स्कूल बादलपुर की वालीबॉल टीम ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान विद्यालय की टीम ने अलग अलग राउंड में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए चैम्पियनशिप में तृतीय स्थान हासिल करते हुए जिले व क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने बताया कि टीम के जनपद वापस लौटने पर सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत करते हुए उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एम.एच. पब्लिक स्कूल, बादलपुर (गौतम बुद्ध नगर) की टीम ने अपने अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का बेहतरीन परिचय देते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल है। जिसके लिए विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के इस शानदार प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया है। डायरेक्टर श्रीमती सुनीता सक्सेना एवं प्रिंसिपल श्रीमती दीप्ति माथुर ने खिलाड़ियों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

# जीएसटी बचत उत्सव में सांसद ने दुकानदारों से की बात



**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा के नेतृत्व में जीएसटी बचत उत्सव को लेकर सांसद इन्द्रा मार्केट सेक्टर-27 पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों जीएसटी में संशोधन किया था उसको लेकर सांसद ने मार्केट में दुकानदारों से एवं ग्राहकों से जीएसटी के बारे में जानकारी ली और जीएसटी के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, चंदगीराम यादव, विनोद शर्मा, मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष शशिधर, चमन अवाना, संजय बाली , ओमवीर अवाना, अमित त्यागी, भूपेश चौधरी, मनोज चौहान एवं समस्त मंडल की टीम उपस्थित रही।

# विकसित भारत की थीम पर होगी प्रतियोगिता

**गौतमबुद्धनगर (चेतना मंच)।**

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शासन द्वारा सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत 'विकसित भारत' की व्यापक थीम पर 30 सितम्बर, 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12 में प्रातः 09 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

इसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों, कला विद्यार्थियों एवं कला प्रेमियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि वे कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विकसित, आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत की परिकल्पना और प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व को प्रदर्शित कर सकें।

प्रतियोगिता तीन वर्गों- क्रमशः जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) एवं सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग में आयोजित की जायेगी। सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का चित्रकार/कला प्रेमी प्रतिभाग कर सकता है।

प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। तीनो वर्गों में पृथक-पृथक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रूपया 51,000/-, 21,000/- एवं 11,000/- की पुरस्कार राशि के साथ-साथ फ्रेम किये गये प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।

# भाजपा नेता विक्रांत यादव ने व्यापारियों से किया संवाद

**बदायूं (चेतना मंच)।** बदायूं की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव एवं सहसवान ब्लाक प्रमुख तथा वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव ने सहसवान में व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी की दरें कम होने पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी की दरें कम होने से व्यापारियों एवं आम लोगों को होने वाले फायदे की भी जानकारी दी।



ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव ने बताया कि उन्होंने सहसवान क्षेत्र में घूमकर कई व्यापारियों तथा आम लोगों से बातचीत। इस दौरान उन्हें बताया गया कि जनहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी की दर घटा दी हैं। जीएसटी की दर कम होने से आम लोगों के साथ-साथ व्यापारियों को भी खासा फायदा हो रहा है। भ्रमण के दौरान व्यापारियों ने बताया कि जीएसटी दर कम होने से उनकी सेल बढ़ गई है। पहले के मुकाबले अब अधिक लोग खरीदारी कर रहे हैं।

बाइक एजेंसी पर बाइक खरीदने आए एक व्यक्ति ने उन्हें बताया कि जीएसटी कम होने से आम लोगों को खासा लाभ मिल रहा है। पहले जो बाइक 96 हजार रुपए में मिल रही थी अब जीएसटी दर कम होने पर उसकी कीमत 90 हजार रुपए हो गई है। श्री यादव ने बताया कि जीएसटी की दर कम होने से व्यापारियों तथा आम लोगों में खासा उत्साह है और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस फैसले की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह क्षेत्र के लोगों को जीएसटी दर कम होने की वजह से मिलने वाले लाभ की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं।

# नलगढ़ा में शहीदे-ए-आज़म भगत सिंह का जन्मदिन मनाया



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-145 स्थित नलगढ़ा गांव के ऐतिहासिक गुरुद्वारा संगतसर में शहीदे-ए-आज़म भगत सिंह को उनके जन्मदिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह गांव स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। यहीं पर भगत सिंह और उनके साथियों ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ बम बनाने की गुप्त योजनाएँ तैयार की थीं। गुरुद्वारे परिसर में आज भी वह ऐतिहासिक पत्थर मौजूद है, जिस पर बम की सामग्री मिलाई जाती थी।

शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु और चंद्रशेखर आज़ाद जैसे महान क्रांतिकारियों ने नलगढ़ा गांव को अपना ठिकाना बनाकर देश की आज़ादी के लिए गुप्त रणनीतियाँ रचीं।

कार्यक्रम में लगभग 500 श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह गुरुद्वारा साहिब से शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव की परिक्रमा कर पुनः गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुई। इस आयोजन में युवाओं की विशेष भागीदारी रही। गुरुद्वारा कार्यकारिणी ने आयोजन की सफलता के लिए समस्त ग्रामवासियों, नोएडा पंजाबी समाज (पंजीकृत) और सरबत दा भला (पंजीकृत) का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ आपसी एकता और सौहार्द को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के उपरांत गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन किया गया।

# रालोद की सदस्यता की ग्रहण



**नोएडा (चेतना मंच)।** सामुदायिक भवन सेक्टर-35 नोएडा में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की सदस्यता अभियान के तत्वाधान के मुख्य अतिथि त्रिलोक चंद त्यागी, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रवीर सिंह भाटी अध्यक्ष (मेरठ मंडल), संचालन विजेंद्र सिंह यादव, अध्यक्ष महानगर नोएडा ने की।

इस मौके पर त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल पार्टी गरीब किसान मजदूर शोषित समाज की आवाज है। हम एनडीए के सहयोगी दल हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण के जो भी गांव की समस्याएं हैं उन समस्याओं को लेकर हम जिले में अधिकारियों से बात करेंगे और उनका निदान करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में नोएडा के काफी लोगों ने पार्टी को ज्वाइन किया। इस दौरान ठाकुर महिपाल सिंह उर्फ (एमपी सिंह), मास्टर कविंद्र सिंह, गुलाब सिंह, एसपी सिंह, अनिल तलवार, चेतन कुमार, ललित चौहान, उदयवीर सिंह, लाल बहादुर सिंह सोलंकी, वीरेश मलिक, अशोक कुमार, संजीव कुमार, सुनील खन्ना, सत्येंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, दीपेंद्र चौहान आदि सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर जनार्दन भाटी जिला अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर, मनोज चौधरी पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता, श्रीमती सोनिका, श्रीमती रूबी जादौन, सोमेंद्र अवाना, निशांत भाटी, विजय भाटी, अंशुम आनंद, ऑडी त्यागी, अमित त्यागी, तरुण कुमार, जसवीर भाटी, विनीत भाटी, श्रीमती खतीजा शेख, लक्ष्मण कुंतल, अतुल चौधरी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तमंचे के साथ गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर पुलिस ने तमंचा के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। भगवंतपुर गांव की तरफ से पैदल आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर मुड़कर भागने लगा संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उक्त युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अली बहादुर पुत्र लियाकत निवासी ग्राम आलियाबाद उर्फ मेहंदीपुर बताया। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।